जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 76 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 05 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# आगामी मानसून में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य, किसानों को फलदार पौधे वितरित किए जाएं : सीएम भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नमो वन, नमो नर्सरी और चंदन वन योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, बैठक में वन मंत्री संजय शर्मा और अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा तथा आनंद कुमार भी मौजूद रहे मुख्य सचिव श्रीनिवास बैठक से सीधा लाइव जुड़े**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में आगामी मानसून सीजन में हरियालो राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के प्रयास में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा नए पेड़ लगाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की इस बैठक में वन मंत्री संजय शर्मा अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा और अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे तथा प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास इस बैठक से सीधा लाइव जुड़े बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी मानसून सीजन में 10 करोड़ नए पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया और इसके लिए रेलवे विभाग, प्रदेश के सार्वजनिक निर्माण विभाग और अन्य विभागों से समन्वय और तालमेल बनाते हुए मानसून सीजन से पहले ही नए पेड़ लगाने के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए तथा पेड़ लगाने के बाद उन्हें समुचित पानी मिले तथा उनके समुचित देखभाल हो इसके लिए भी अधिकारियों को आवश्यक प्रबंधन और व्यवस्था करने के निर्देश दिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को हरियालो राजस्थान बनाना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है इसी दिशा में मिशन हरियालो राजस्थान के तहत आगामी मानसून सीजन में 10 करोड़ पौधारोपण किया जाएगा इस संबंध में उन्होंने वन और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना बनाकर इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वन और पर्यावरण विभाग के पौधारोपण लक्ष्य, चंदनवन नमो वन और नमो सर्जरी स्थापना के संबंध में आयोजित बैठक के अध्यक्षता कर रहे थे उन्होंने कहा कि 10 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति में वन और पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों की सहभागिता और सक्रियता बहुत जरूरी है इसी क्रम में मुख्य सचिव पौधा रोपण कार्य की मॉनिटरिंग करें



## विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से पौधारोपण कार्य शुरूहो

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से पौधारोपण के कार्य को प्रारंभ कर मानसून सीजन जुलाई अगस्त और सितंबर माह में गति प्रदान की जाएगी इसी क्रम में सभी विभाग पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्थान का चयन फेंसिंग सहित महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित समय से पहले पूरे कर लें वही विशेष रूप से वन विभाग इस कार्य में सभी विभागों से समन्वय बनाए रखें ।

## रेलवे, राजस्व और पीडब्ल्यूडी विभाग का भी सहयोग लिया जाए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हर जगह पर नए पौधे लगाए जाएं और इसके लिए मिट्टी की गुणात्मक वस्तु स्थिति को देखकर ही पौधे लगाए जाएं इसके लिए उन्होंने गूलर के पेड़ ज्यादा से ज्यादा लगाने की बात भी कही तथा इंडियन रेलवे प्रदेश के राजस्व और पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ बेहतर तालमेल बनाकर नए पेड़ लगाने के लिए अभी जगह चिन्हित कर ली जाए ताकि मानसून सीजन के समय ज्यादा दिक्कत ना आ सके उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन्य क्षेत्र, पहाड़ियों, छोटे बड़े सभी सड़क मार्ग, तालाब बावड़ी इत्यादि सभी जगह पर नए पेड़ लगाए जाएं तथा प्रदेश का एक भी इलाका ऐसा ना हो जहां नए पेड़ नहीं दिखे भारतीय रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी परिसंपत्तियों में पौधारोपण के कार्य योजना भी अभी बना ली जाए इसी प्रकार प्रत्येक जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रमुख सड़कों के किनारे और चारागाह में वृक्षारोपण के लिए कार्य योजना पर काम किया जाए ।

## किसानों को फलदार पौधे वितरित किए जाएं, चंदनवन के लिए उदयपुर सिरोही और बांसवाड़ा में जगह चिन्हित की जाए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के किसानों को ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधे वितरित किए जाएं ताकि वह अपने खेतों में बाढ़ बंदी के तौर पर इन पेड़ों को लगा सके उन्होंने कहा कि इस तरह के पेड़ लगाने से उनके खेतों की सुरक्षा भी होगी और उनकी इनकम में भी बढ़ोतरी होगी इसलिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधे वितरित किए जाएं इसके लिए प्रत्येक जिले में नमो नर्सरी और पंचायत स्तर पर नमो वन वन विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए तथा चंदन वन के लिए बांसवाड़ा उदयपुर और सिरोही जिले में जगह अभी चिन्हित कर ली जाए ।



## नए पेड़ों के लिए पानी, सुरक्षा की अच्छी व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाना ही लक्षण नहीं है बल्कि नए पेड़ों को नियमित रूप से समुचित पानी मिले उनकी अच्छी देखभाल हो और उनकी पूरी सुरक्षा रखी जाए इसके लिए संबंधित वनरक्षक कार्यालय को जिम्मेदारी दी जाए और वनरक्षक कार्यालय को पानी के टैंकर भी सही समय पर उपलब्ध करवाए जाएं उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए वृक्ष मित्रों का भी भरपूर सहयोग लिया जाए, मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिया कि पेड़ों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

## पिछले 2 साल में प्रदेश के वन विभाग ने लक्ष्य से ज्यादा पौधे लगाए

वन मंत्री संजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में पिछले 2 साल में वन विभाग ने लक्ष्य से ज्यादा नए पेड़ लगाए हैं जिसमें वर्ष 2024 में 7 करोड नए पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा था जिसमें वन विभाग ने 7.22 करोड़ नए पेड़ लगाए इसी तरह से 2025 में प्रदेश सरकार ने वन विभाग को 10 करोड नए पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया था जिसमें वन विभाग ने 11.74 करोड़ नए पेड़ लगाए इसी तरह से अब 2026 में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10 करोड नए पेड़ लगाने का लक्षण निर्धारित किया है।

# गहलोत को पार्टी ने किया साइड लाइन, खीझ मिटाने के लिए सोशल मीडिया पर कर रहे है मिथ्या ट्विट- घनश्याम तिवारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इंतजार शास्त्र पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत में शास्त्र तो 64 ही हुए है, शास्त्र जैसे पवित्र शब्द के साथ इंतजार जोड़ना नहीं चाहिए। वे चाहे तो इजहार नामा कर सकते है। गहलोत हारने के बाद अपनी उपेक्षा से पीड़ित होकर हताशा का इजहार कर सकते है। गहलोत जब-जब मुख्यमंत्री बने, उसके बाद उन्होंने पार्टी को रसातल में पहुंचाया और सत्ता भाजपा के पास आई। इसके चलते कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें साइड लाइन कर दिया। कांग्रेस पार्टी को रतोतल में पहुंचाने वाले गहलोत साहब को दिल्ली में पायलट और राजस्थान में डोटासरा के चलते तवज्जो नहीं दी जा रही, ऐसे में वे सोशल मीडिया पर अपने कार्यों का इजहार कर रहे है। तिवाड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'फूलां बाई फूलगी, गेल का दिन भूलगी' लोकोक्ति अशोक गहलोत पर चरितार्थ हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता तिवाड़ी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत अपना कार्यकाल कैसे भूल गए, जब प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपरलीक हुए और प्रदेश के युवाओं के साथ कुठाराघात किया गया। गहलोत कैसे भूल गए कि प्रदेश के लिए महत्वकांक्षी परियोजना ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को कांग्रेस सरकार ने लटकाने का कार्य किया। गहलोत कैसे भूल गए कि जेजेएम घोटाले में उनकी सरकार के मंत्री से लेकर विभाग के अधिकारी तक जेल पहुंच गए। गहलोत के कार्यकाल में युवा रोजगार के लिए इंतजार कर रहे थे, पेपरलीक रूकने का इंतजार कर रहे थे, बहन-



बेटियां सुरक्षा का इंतजार कर रही थी, किसान जमीन बचाने का इंतजार कर रहे थे और जनता भ्रष्टाचार से मुक्ति का इंतजार कर रही थी। तिवाड़ी ने कहा कि सोशल मीडिया पर गहलोत सीरीज चला रहे है, जबकि आईपीडी टॉवर प्रोजेक्ट से लेकर टेंडर प्रक्रिया तक अनियमितताओं से भरा हुआ था। गहलोत सरकार के आंकलन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके ही कार्यकाल में परियोजना की लागत 400 करोड़ रुपए से बढ़कर 700 करोड़ रूपए हो गई, 1 हजार 500 बेड वाले टावर के लिए पार्किंग व्यवस्था सिर्फ 190 की गई। यह उनकी जल्दबाजी एवं दिखावे की राजनीति थी। सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय आईपीडी टॉवर को लेकर भी सिर्फ झूठ फैलाया। इसका सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया, उपकरणों की खरीद का कार्य प्रगति पर है। गहलोत भूल गए कि उनके कार्यकाल के पहले 2 साल में एक भी पीएचसी नहीं खोली गई, जबकि भजनलाल सरकार ने 6 नई पीएचसी स्थापित की। कांग्रेस ने पहले 2 साल में 53 सीएचसी, भजनलाल सरकार ने 84 सीएचसी खोली, उप जिला अस्पताल गहलोत के कार्यकाल में 1, भजनलाल सरकार ने 61, जिला अस्पताल गहलोत के कार्यकाल में 3 तो भजनलाल सरकार ने 14 और सेटेलाइट अस्पताल 2 के मुकाबले 18 खोलने का कार्य किया है। इतना ही नहीं, भजनलाल सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में दो साल में 50000 से अधिक भर्तियां की, 14 हजार से अधिक प्रक्रियाधीन है, जबकि गहलोत सरकार ने 5 साल में ही महज 29 हजार पदों पर ही भर्तियां की थी। पहले 49 जिला अस्पताल थे, आज 63 है। गहलोत मेडिकल कॉलेज को लेकर भ्रम फैला रहे है,जबकि हकीकत यह है कि 2016 तक राजस्थान में सिर्फ 8 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 23 नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए। तिवाड़ी ने कहा कि गहलोत ने चुनावी साल में घोषणाओं की बाढ़ ला दी थी, शिलान्यास तो कर दिए, लेकिन उनके लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान तक नहीं किया था। गहलोत ने 5 साल में 4148 घोषणाएं की थी, जिनमें से 2208 पूरी ही नहीं हुई। 626 घोषणाएं तो ऐसी थी जिन पर एक रुपए तक खर्च नहीं हुआ। जबकि भजनलाल सरकार ने 2719 बजट घोषणाएं की, जिसमें से 90 फीसदी पर स्वीकृतियां जारी कर दी गई है। 34 प्रतिशत में कार्य पूर्ण हो गया, 56 प्रतिशत प्रगतिरत है और 10 प्रतिशत पर कार्य प्रारंभ होना है। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट हो या दिव्यांग विश्व विद्यालय, गहलोत ने सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया। सिविल लाइन्स आरओबी लेकर गहलोत सफेद झूठ बोल रहे है। 2021 में शुरू होने वाली योजना में 2022 तक सिर्फ 9 प्रतिशत कार्य हुआ। कांग्रेस के कार्यकाल में सिर्फ 20 प्रतिशत काम ही हुआ था। जबकि भाजपा सरकार आने के बाद इसे तेजी से किया जा रहा है। 70 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। भाजपा सरकार ने कार्य में देरी के लिए संबंधित एजेंसी पर 1 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना भी लगाया है। दिसंबर 2026 तक इसका कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# हाई कोर्ट की डबल बेंच का बड़ा फैसला: सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 रद्द

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट की डबल बेंच ने शनिवार को विवादित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को पूरी तरह से रद्द करने के आदेश दिए हैं हाई कोर्ट के डबल बेंच ने हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के फैसले को बिल्कुल सही माना है और सिंगल बेंच ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों के खिलाफ जो टिप्पणी की थी उसको भी बिल्कुल सही माना है हाई कोर्ट की डबल बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में अब यह तय कर पाना असंभव है कि किसका सही सिलेक्शन हुआ है और किसका गलत इसलिए डबल बेंच ने इस पूरी परीक्षा को ही रद्द करने का आदेश दे दिया उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी को दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था जिस पर शनिवार को डबल बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए पूरी भर्ती परीक्षा को ही रद्द कर दिया है उल्लेखनीय है कि 3 फरवरी 2021 को राजस्थान



लोक सेवा आयोग की ओर से 859 सब इंस्पेक्टर के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी हुई थी और 13 से 15 सितंबर 2021 के बीच परीक्षा हुई थी जिसमें करीब 8 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे बाद में जांच एजेंसी की ओर से इस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के मामले में जांच पड़ताल करते हुए करीब 110 लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें 60 ऐसे अभियुक्त भी थे जो इस भर्ती परीक्षा में चयनित होने के बाद ट्रेनिंग ले रहे थे इस पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की भी भूमिका सामने आई थी जिसमें कई बड़े लोगों की गिरफ्तारी भी हुई इस भर्ती परीक्षा को लेकर राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में इस पूरी भर्ती परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की थी राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने भी इस पूरी भर्ती परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की थी बाद में इस भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का एक समूह हाई कोर्ट में पहुंचा तो हाई कोर्ट पर की सिंगल बेंच ने इस भर्ती परीक्षा को रद्द करने के आदेश दिए थे इस निर्णय के खिलाफ चयनित अभ्यर्थियों के एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले पर रोक लगा दी थी और इस मामले में वापस हाई कोर्ट जाने की बात कह कर हाई कोर्ट को इस पूरे मामले के निस्तारण के लिए कहा था इस बीच जब यह मामला हाई कोर्ट की डबल बेंच में पहुंचा तो इस भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के दो समूह फिर आमने-सामने हो गए एक समूह इस भर्ती परीक्षा को रद्द करवाना चाहता था तो दूसरा समूह इस भर्ती परीक्षा को यथावत चालू रखना ज्यादा था हाई कोर्ट की डबल बेंच ने दोनों पक्षों की दलील सुनी ।



# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
05 अप्रेल, 2026


## भारत विकास परिषद् अलवर शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद् अलवर शाखा का वर्ष 2026 - 27 का दायित्व ग्रहण समारोह रविवार 5 अप्रैल, शाम 7 बजे से विवेकानंद महिला स्वावलंबी केंद्र , वैशाली नगर अलवर में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री मंत्री संजय शर्मा होंगे। साथ ही प्रांतीय महासचिव, प्रांतीय उपाध्यक्ष दायित्व ग्रहण समारोह में अध्यक्ष - गिरीश गुप्ता, सचिव - अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष लोकेश गोयल तथा प्रकल्प प्रमुखों को शपथ दिलवायेंगे।

## नगर निगम के समस्त मतदान केंद्रों होगा विशेष कैम्प का आयोजन आज

### कैम्प में मतदाता फोटोयुक्त मतदाता सूची में अपना नाम चैक करने, सूची में नाम नहीं होने की स्थिति में नाम जुडवाने हेतु कर सकेंगे आवेदन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 हेतु नगर निगम अलवर के समस्त वार्डों की निर्वाचक नामावलियां तैयार की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम के 65 वार्डों हेतु निर्धारित समस्त मतदान केंद्रों पर 5 अप्रैल 2026 को विशेष कैम्प का आयोजन होगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर निगम आम चुनाव एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर बीना महावर ने बताया कि विशेष कैम्प में नगर निगम अलवर के समस्त प्रगणक अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान मतदाता अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंच कर प्रगणक के पास उपलब्ध फोटोयुक्त मतदाता सूची में अपना नाम चैक कर सकते हैं एवं सूची में नाम नहीं होने की स्थिति में नाम जुडवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। साथ ही नाम कटवाने अथवा संशोधन करवाने हेतु भी संबंधित प्रगणक को फॉर्म भरकर जमा करवा सकते हैं।

## सद्भाव मंच की वार्षिक बैठक सम्पन्न, डॉ. एस सी मित्तल अध्यक्ष व राजेश याज्ञिक महासचिव चुने गए




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 60 फीट रोड स्थित इमानुएल स्कूल सभागार में सद्भाव मंच की वार्षिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंच को अधिक सक्रिय बनाने एवं इसके पुनर्गठन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी एक वर्ष के लिए डॉ. सुरेश चंद मित्तल को सद्भाव मंच का अध्यक्ष तथा राजेश याज्ञिक को महासचिव चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सद्भाव मंच के सदस्य सभी समुदायों के प्रमुख त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्षभर विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की भी रूपरेखा तय की गई। बैठक में डॉ. जीवन सिंह मानवी, डॉ. सुरेश चंद्र मित्तल, राजेश याज्ञिक, राजकुमार बक्शी, अम्मान सोलोमन, वीरेंद्र चौधरी, सरदार अमरदीप सिंह, मौलाना अमजद, मौलाना अनस, मोहम्मद हनीफ, जावेद खान, भोलाराम शर्मा, जोगिंदर कोचर, हरप्रीत कौर, सर्वेश जैन, थॉमस, राजीव लोचन सैनी, एडवोकेट अशोक कूददल, शंभू सोनी, सूरजमल कर्दम, किशन खैरालिया सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डेंसी थॉमस ने किया।

## अपरहण व डकैती के मामले में दो आरोपियों को 5 साल का कठोर कारावास

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने तारानगर थाने में दर्ज 8 साल पुराने अपरहण व डकैती के मामले में हनुमानगढ़ जिले के नोहर निवासी अभियुक्त गौरीशंकर व गगनदीप उर्फ़ गोल्डी को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दण्डित किया व अर्थदंड जमा नहीं करवाने पर आरोपियों को 3 माह का अतिरिक्त साधारण करावास भुगतना होगा। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने की।

## पत्नी का गला रेतकर हत्या, पति गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के गांव स्वामी का बास रैगरो के मौहल्ले मे एक पति ने अपनी पत्नी का गला रेतकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार हत्या के बाद आरोपी पति पत्नी के शव के पास बैठकर मोबाइल चलाता रहा। सुबह जब परिजनों ने खिड़की से देखा तो घटना का पता चला। चाकसू थाना अधिकारी मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि शनिवार सुबह आरोपी के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनका भाई कमरे में बंद है और उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही चाकसू पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान रामअवतार रैगर पुत्र मेवाराम रैगर के रूप में हुई है। जिसने अपनी पत्नी सुनीता देवी 25 वर्षीय की गला रेतकर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण घरेलू कलह सामने आ रहा है।

### मृतका के भाई ने लगाया आरोप:

मृतका के भाई बनवारी वर्मा ने पुलिस को बताया कि सुनीता की शादी साल 2020 में रामअवतार से हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपी दहेज और पैसों को लेकर मारपीट करता था। वह प्रताप नगर स्थित उनके मकान में हिस्सा भी मांगता था। आरोपी कोई काम नहीं करता था जबकि सुनीता ही काम कर घर का खर्च चलाती थी। मृतका के भाई के अनुसार आरोपी सभी प्रकार के नशे का आदी था और अक्सर गांव में इधर-उधर घूमता रहता था। उसका स्वभाव आक्रामक था और परिवार में उसका खौफ बना रहता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हत्या के पीछे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### लुपिन ह्यूमन वैलफेयर एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन, अलवर

## पीएमश्री स्व. प्यारेलाल गुप्ता का स्मृति दिवस समारोह किया आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** देश की प्रख्यात फार्मास्यूटिकल्स कम्पनी लुपिन लिमिटेड के निर्माता स्वर्गीय डॉ. देशबन्धू गुप्ता के पूज्य पिताजी पीएमश्री स्वर्गीय प्यारेलाल गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी याद में स्मृति दिवस समारोह का आयोजन राजगढ़ के पीएमश्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके परिवारीजन, लुपिन फाउण्डेशन की सीएसआर प्रमुख तुषारा शंकर, उप-महाप्रबन्धक योगेश राउत, राजस्थान के स्टेट हैड अनिल गुप्ता, अलवर के स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी रवि दाधीच आदि शामिल हुये। प्रारम्भ में संस्था एवं विद्यालय द्वारा उनके समस्त परिवारीजनों को माल्यार्पण एवं साफा, शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उनके स्वागत में स्वागतगान भी प्रस्तुत किया गया। स्वागत के बाद देशबन्धू गुप्ता के भाई आत्मबन्धू गुप्ता द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया एवं समस्त परिवारीजनों ने विद्यालय में स्थापित की गई स्वर्गीय प्यारेलाल गुप्ता की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह का प्रारम्भ माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। साथ ही बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक




कार्यक्रम के तहत राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लुपिन फाउण्डेशन की सीएसआर प्रमुख तुषारा शंकर ने समस्त अतिथियों के लिये स्वागत उद्बोधन दिया एवं लुपिन फाउण्डेशन के कार्यों एवं विस्तार के बारे में बोलते हुये कहा कि संस्था देश के 8 राज्यों के 15 लाख से अधिक लाभार्थियों के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था राजगढ़ एवं मालाखेड़ा ब्लॉक के 10 हजार किसानों के साथ आजीविका विकास एवं पूरे अलवर जिले में स्वास्थ्य संबंधी गतिविधिओं का संचालन कर रही है जिसमें मोबाईल मैडीकल वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य कैम्पों में आने वाले सीओपीड़ी, सीबीडी संबंधित रोगियों की पहचान कर उनके उपचार के संबंध में बेहतर स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध करवा रही है। इस अवसर पर लुपिन फाउण्डेशन के उप-महाप्रबन्धक योगेश राउत ने संस्था द्वारा संचालित की जा रही सीएसआर गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि संस्था प्यारेलाल गुप्ता के आदर्शों एवं उनकी समाज के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी से प्रेरणा लेकर लाभार्थियों एवं किसानों को कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं उपलब्ध करवा रही है जिससे उनकी आय में वृद्धि कर उनके जीवनयापन में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि संस्था आजीविका विकास के पॉच घटकों पर कार्य कर रही है जिसमें मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण, जल संरक्षण, कृषि विस्तार, किसानों को उचित विपणन सुविधायें, पशुपालन से आयवृद्धि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि संस्था राजस्थान अलवर एवं महाराष्ट्र के धुले जिले में आजीविका विकास गतिविधि में लगभग 20 हजार से अधिक लाभार्थियों के साथ कार्य कर रही है जिससे उन्हें बेहतर शिक्षण-प्रशिक्षण देकर उनकी आजीविका एवं आय में वृद्धि कर सकें। इस अवसर पर स्व0 प्यारेलाल गुप्ता के सुपुत्र आत्मबन्धू गुप्ता ने अपने पूज्य पिताजी की स्मृति में बोलते हुये कहा कि उनके पिताजी के सादगीपूर्ण जीवन, उनके विचार, उनकी ईमानदारी, उनकी समाज एवं अपने कार्य के प्रति निष्ठा से हमें सीख लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा भी इसी विद्यालय से हायर सैकेन्ड्री की शिक्षा ग्रहण की गई थी। उन्होंने कहा कि पिताजी इस विद्यालय में भूगोल विषय के विशेषज्ञ शिक्षक के रूप में प्रख्यात थे। उन्होंने विद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि यदि वह पिताजी की श्रेष्ठ विषय भूगोल का विशेष तौर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को अध्ययन करायें या इस विद्यालय की भूगोल विषय में एक श्रेष्ठ पहचान बने तो वह इससे संबंधित विद्यालय को जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी वह पूरा परिवार उपलब्ध कराने में अपना पूर्ण सहयोग करेगा। इस अवसर पर स्व0 प्यारेलाल गुप्ता की पुत्रवधु संतोष गुप्ता, उनकी पुत्री पुष्पा खण्डेलवाल एवं उनके परिवारीजन मोहनलाल गुप्ता ने भी प्यारेलाल के आदर्शों एवं उनके सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी के बारे में विचार व्यक्त किये एवं अपनी पुरानी यादों को साझा किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राजगढ़ के माधवगढ़ गॉव के लाभार्थी राजेश कुमार सैनी ने कृषि क्षेत्र में लुपिन फाउण्डेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई तकनीकी सहयोग के बारे में अपने अनुभव साझा किये। इसी प्रकार धमरेड़ गॉव की पूजा जांगिड़ ने बकरीपालन के बारे में लुपिन फाउण्डेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी एवं प्रशिक्षण के बारे में अपने अनुभव बताये। कार्यक्रम में लाभार्थी घनश्याम सैनी ने लुपिन द्वारा उपलब्ध कराई गई बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभाथियों एवं होनहार विद्यार्थियों का प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार मीणा द्वारा लुपिन का धन्यवाद देते हुये कहा कि श्री प्यारेलाल गुप्ता के ज्येष्ठ सुपुत्र देशबन्धू गुप्ता ने विद्यालय भवन का निर्माण करवाया एवं समय-समय पर विद्यालय के सौन्दर्यीकरण के लिये विभिन्न भौतिक एवं आधुनिक सुविधाओं का विकास कराया जा रहा है जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षण संबंधी सुविधायें प्राप्त हो रहीं है। अन्त में लुपिन फाउण्डेशन के राजस्थान स्टेट हैड अनिल गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं संभागियों का आभार एवं धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन द्वारा किया गया।

## भारतीय वैदिक परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय से ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य संभव - श्री देवनानी

जयपुर टाइम्स



**अजमेर(कासं),** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था केवल भवनों या सुविधाओं तक सीमित नहीं होकर बच्चों के भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ज्ञान, संस्कार और चरित्र निर्माण है। आधुनिकता के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश ही वह आधार है, जो समाज को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर सकता है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शनिवार को एम.पी.एस. स्कूल में नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल सूचना प्राप्त करने का माध्यम नहीं है यह जीवन जीने की कला सिखाने वाली व्यवस्था होनी चाहिए। आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा की है जो विचारों का विस्तार करे, व्यक्तित्व का विकास करे और समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करे। भारत की प्राचीन वैदिक शिक्षा प्रणाली इसका श्रेष्ठ उदाहरण रही है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय इस बात के प्रमाण हैं कि भारत सदियों से ज्ञान का वैश्विक केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा विश्व को दिशा देने का कार्य किया है। इतिहास साक्षी है कि भारतीय सभ्यता वैज्ञानिक सोच, आध्यात्मिकता और प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश देती रही है। सनातन भारतीय परंपरा में पुष्पक विमान और संजय की दिव्य दृष्टि जैसे उदाहरण यह दर्शाते हैं कि हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञान अत्यंत विकसित और दूरदर्शी था। भारत प्रकृति के साथ संवाद करने वाला राष्ट्र रहा है, जहां जीवन शैली पर्यावरण संतुलन और मानव मूल्यों पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में शिक्षा के क्षेत्र में नया दौर शुरू हुआ है। इसमें भारतीयता, नवाचार और आधुनिक तकनीक को साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल रोजगार ही नहीं इससे जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी परिवार व्यवस्था है, जहां पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों की विरासत हस्तांतरित होती रही है। भारतीय परिवार केवल सामाजिक इकाई नहीं बल्कि संस्कृति, नैतिकता और जिम्मेदारी का विद्यालय है। बदलते समय में ज्ञान और ध्यान की परिभाषा भी बदल रही है। आज शिक्षा का उद्देश्य मानसिक संतुलन, आत्मविकास और समग्र व्यक्तित्व निर्माण होना चाहिए। विश्व आज भारत की ओर आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिकता और भारतीय जीवन दर्शन वैश्विक स्तर पर स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज ने देश के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षा संस्थानों की स्थापना, सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में माहेश्वरी समाज का योगदान सदैव उल्लेखनीय रहा है।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** चौखानी डबल हवेली में शनिवार शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस पाठ का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण की कामना करना था।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासियों ने सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। भक्तों ने हनुमान जी की स्तुति कर सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। प्रायोजक कोलकाता प्रवासी उद्यमी पवनकुमार चौखानी ने बताया कि यह सुंदरकांड पाठ मानव कल्याण की कामना के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे सफल बनाया। श्रद्धालुओं ने कस्बे में इस तरह के धार्मिक आयोजनों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि फतेहपुर शेखावाटी की अशोक एण्ड पार्टी ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ प्रस्तुत किया ।

### सुन्दरकाण्ड पाठ से मनोवांछित फल की प्राप्ति : पारीक

इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक ने कहा की सुन्दरकाण्ड का पाठ हिंदू धर्म में हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने और मनोवांछित फल (इच्छा पूर्ति) के लिए अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस के इस पांचवें अध्याय में हनुमान जी के लंका प्रस्थान, सीता माता की खोज, लंका दहन और उनकी वीरता का वर्णन है, जो आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। उन्होंने कहा की



सुन्दरकाण्ड पाठ के लाभ और मनोवांछित फल,इच्छा पूर्ति और बाधाओं का नाशः प्रतिदिन या विशेष दिनों (मंगलवार/शनिवार) पर सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन की सभी बाधाएँ दूर होती हैं और मनोकामनाएँ पूरी होती हैं।संकट मोचन,हनुमान जी की कृपा से कर्ज़, बीमारी, और दरिद्रता से मुक्ति मिलती है। मानसिक शांति और आत्मविश्वास, यह पाठ भय को कम करता है, मानसिक शांति प्रदान करता है और आत्मविश्वास में वृद्धि करता है। कार्य में सफलताः रुके हुए काम पूरे होते हैं और करियर/व्यवसाय में उन्नति होती है। घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। कार्यक्रम में प्रायोजक पवन कुमार चौखानी, नलनी, प्रवीण चौखानी, रंजीता चौखानी, गिरधारीलाल चौखानी, उषा चौखाणी, गोविन्दराम जोशी, अरविन्द पारीक, मधुसुधन खेमाणी, मदन ढ़ाका, वरिष्ठ पत्रकार डॉथ राकेश शर्मा, संदीप धानुका, मीना,विजय देवड़ा, विमल धानुका, विजय टेलर,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अन्त में चौखानी परिवार की ओर से प्रसाद वितरण कर सभी का आभार जताया।

## वासुदेव देवनानी ने अमरापुर स्थान जयपुर में प्रेम प्रकाश मण्डल के 105वें चैत्र मेले में लिया भाग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को जयपुर के अमरापुर स्थान पर आयोजित प्रेम प्रकाश मण्डल के 105वें वार्षिक चैत्र मेले में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लिया। इस पावन अवसर पर उन्होंने आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और प्रभु की भक्ति में सराबोर होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ और भक्तिमय माहौल ने आयोजन को अत्यंत भव्य एवं दिव्य बना दिया। विधानसभा



अध्यक्ष ने इस दौरान संतों के सान्निध्य में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम प्रकाश मण्डल द्वारा आयोजित यह चैत्र मेला आपसी भाईचारे, सेवा भाव और ईश्वर के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है, जो समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। मेले के पावन वातावरण का उल्लेख करते हुए श्री देवनानी ने कहा कि भजन-कीर्तन और सेवा के कार्यों से परिपूर्ण यह आयोजन सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने पूज्य संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया और संतों के विचारों को जन-कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। विधानसभा अध्यक्ष ने पूरे देश और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति, प्रभु की कृपा और संतों के आशीर्वाद से समाज में शांति एवं खुशहाली बनी रहे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भजनलाल सरकार की गर्भवती महिलाओं के लिए अनूठी पहल मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) वाउचर योजना

### खैरथल-तिजारा जिले में अभी तक 6707 गर्भवती महिलाएं उठा चुकी है सोनोग्राफी सेंटर पर निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'मां वाउचर योजना' का शुभारंभ 17 सितम्बर 2024 को पूरे प्रदेश में किया गया। मां वाउचर योजना राजस्थान सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी सेवाएं उपलब्ध कराना है। योजना विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए फायदेमंद है जो दूर-दराज के क्षेत्रों में रहती हैं और जिनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना कठिन है। यह योजना उन महिलाओं के लिए भी उपयोगी है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और सोनोग्राफी जैसी महंगी सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ है। योजना के तहत प्रदेश की गर्भवती महिलाएं अपने ऐसे नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर सोनोग्राफी करा सकती है जिन सरकारी चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं तो वहाँ से गर्भवती महिला अपने जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सेवा के लिए मान्य होगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा ने बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में 17 सितम्बर 2024 से 31 मार्च 2026 तक 6707 की सोनोग्राफी की जाकर गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया है।

### निःशुल्क मिलेगी सोनोग्राफी सेवाएं

गर्भावस्था के 84 दिन या उससे अधिक की अवधि वाली महिलाएं इस योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती हैं। यह सुविधा सरकारी और सूचीबद्ध निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर उपलब्ध है।

### वाउचर प्रणाली और प्रक्रिया

योजना के तहत गर्भवती महिला को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाना होगा। चिकित्सा संस्थान में पीसीटी?स सॉफ्टवेयर से ओटीपी के माध्यम से महिला के मोबाइल पर एक स्स्र द्वारा त्त्र वाउचर जारी किया जाएगा। वाउचर की वैधता 30 दिनों की होगी। यदि महिला निर्धारित 30 दिनों में सोनोग्राफी नहीं करवा पाती है, तो वह दोबारा चिकित्सा संस्थान पर जाकर वाउचर की अवधि एक बार 30 दिनों तक बढ़ा सकती है।

### निजी केंद्रों की भागीदारी

महिलाओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रदेश के विभिन्न पंजीकृत निजी सोनोग्राफी केंद्रों और अस्पतालों को योजना में शामिल किया गया है।

### ऐसे ले सकते है योजना का लाभ

गर्भवती महिला अपने नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सेवा के लिए मान्य होगा। जिले में सरकारी अस्पतालों में संचालित सोनोग्राफी केंद्रों पर सोनोग्राफी सुविधा निःशुल्क है इसलिए सरकारी संस्थान पर सोनोग्राफी कराने के लिए मां वाउचर योजना की आवश्यकता नहीं है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बताया कि राज्य सरकार की मां वाउचर योजना महिलाओं और उनके शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल को सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह योजना मातृत्व सेवाओं को व्यापक रूप से पहुंचाने और गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं का समय पर पता लगाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक के महाप्रबंधक अमिताभ के नेतृत्व में रेलवे का हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार महाप्रबन्धक अमिताभ के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आय, यात्री सेवाओं, माल ढुलाई, आधारभूत संरचना विकास एवं तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि यह वर्ष उत्तर पश्चिम रेलवे के लिए सर्वांगीण प्रगति और दक्ष संचालन का प्रतीक रहा है। उन्होने सबसे पहले वित्तीय उपलब्धियों के बारे में बताया की वर्ष 2025-26 में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा कुल बजट का 100 प्रतिशत व्यय किया गया। यह उच्च स्तरीय वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है।अमिताभ ने यह भी बताया कि राजस्व अर्जन के क्षेत्र में भी उत्तर पश्चिम रेलवे ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। वर्ष 2025-26 में कुल सकल आय 8622 करोड़ रुपये रही, जो कि अब तक की सबसे अधिक है और पिछले वर्ष की तुलना में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यात्री आय 3727 करोड़ रुपये रही, जिसमें 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि माल आय 3865 करोड़ रुपये रही, जो 7.2 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कुल 18.45 करोड़ यात्रियों ने उत्तर पश्चिम रेलवे की सेवाओं का लाभ उठाया, जो एक नया रिकॉर्ड है। महाप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे माल ढुलाई के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई। वर्ष 2025-26 में 30.53 मिलियन टन माल लोडिंग की गई, जिससे निर्धारित 30 मिलियन टन का लक्ष्य पार किया गया। यह उत्तर पश्चिम रेलवे के इतिहास में दूसरी बार है जब 30 मिलियन टन का आंकड़ा पार हुआ है। मयबद्धता के क्षेत्र में भी उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेल,एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालन दर 93.03 प्रतिशत रही जिससे उत्तर पश्चिम रेलवे भारतीय रेलवे में द्वितीय स्थान पर रहा। यात्रियों की सुविधा हेतु 792 विशेष ट्रेनें (8039 ट्रिप) चलाई गईं, 1864 अस्थायी कोच वृद्धि की गई तथा 23 विशेष ट्रेनों का नियमितीकरण किया गया। इसके अलावा 13 जोड़ी नई ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया गया। आधुनिक ट्रेन सेवाओं के तहत वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार भी किया गया। वर्ष 2025-26 में जोधपुर-दिल्ली कैंट, बीकानेर-दिल्ली कैंट तथा उदयपुर सिटी-असारवा मार्ग पर नई वंदे भारत ट्रेन सेवाएं शुरू की गईं। वर्तमान में कुल 5 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं संचालित हो रही हैं।उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा स्क्रैप निपटान में भी रिकॉर्ड बनाते हुए 308.68 करोड़ रुपये का स्क्रैप विक्रय किया है। उन्होंने बताया कि विद्युतीकरण के क्षेत्र में उत्तर पश्चिम रेलवे ने 5549 रूट किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है, जो ब्रॉड गेज मार्ग का लगभग 99 प्रतिशत है। शेष 10 रूट किलोमीटर (अरनिया खुर्द-लालसोट) का विद्युतीकरण जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। वर्तमान में 78 प्रतिशत कोचिंग ट्रेनें एवं लगभग 61 प्रतिशत मालगाड़ियां विद्युत ट्रैक्शन पर संचालित हो रही हैं। अमिताभ ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर आधारभूत संरचना विकास में वर्ष 2025-26 में 113 किलोमीटर ट्रैक डबलिंग तथा 10 किलोमीटर नई लाइन का निर्माण पूरा किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्तमान में 1546 किलोमीटर लंबाई की नई लाइन, डबलिंग एवं गेज परिवर्तन परियोजनाएं लगभग 19,680 करोड़ रुपये की लागत से प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त 1340 किलोमीटर की परियोजनाओं के डीपीआर रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत किए गए हैं तथा 2451 किलोमीटर के लिए 30 सर्वे (एफएलएस) जारी हैं।अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 77 स्टेशनों का लगभग 4100 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रमुख स्टेशनों जैसे जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर सिटी आदि का व्यापक आधुनिकीकरण किया जा रहा है। 22 मई 2025 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 5 स्टेशनों का उद्घाटन किया गया, जबकि 7 अन्य स्टेशन तैयार हो चुके हैं। गुढ़ा-ठठाना-मिठडी के बीच 64 किलोमीटर लंबा समर्पित टेस्ट ट्रैक विकसित किया जा रहा है, जिसमें से 57.76 किलोमीटर कार्य पूर्ण हो चुका है। 313 रूट किलोमीटर पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम लागू किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए कवच प्रणाली के अंतर्गत 5561 किलोमीटर रेल नेटवर्क स्वीकृत किया गया है। जिसमें 1586 किलो मीटर में कार्य प्रगति पर है। यह कार्य तीन चरणों में किया जा रहा है प्रथम चरण में ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने दूसरे चरण में टावर लगाने एवं तीसरे चरण में स्टेशन भवनों पर कवच का कार्य शामिल है। ऑप्टिकल फाइबर केबल कार्य का लगभग 72 प्रतिशतपूर्ण हो चुका है तथा टावर स्थापना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं में सुधार हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे ने कई कदम उठाए हैं। रेल मदद पोर्टल पर शिकायत निवारण में उत्तर पश्चिम रेलवे पूरे भारतीय रेलवे में दूसरे स्थान पर रहा है। 100 प्लेटफार्म की ऊंचाई बढाकर हाई लेवल किया जा चुका है तथा 50 प्लेटफार्म की ऊंचाई बढाकर हाई लेवल करने का कार्य प्रगति पर हैं।साथ ही 162 स्टेशनों पर प्लेटफार्म शैल्टर का कार्य स्वीकृत है।

## पत्नी की हत्या कर खुद का गला काटने की कोशिश की, रात भर लाश के पास बैठा रहा पति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** चाकसू थाना इलाके में स्वामी का वास रेगर मोहल्ले में पत्नी से हुए झगड़े के बाद पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर आत्महत्या करने के प्रयास में उसने खुद के गले को भी धारदार हथियार से काटने का प्रयास किया लेकिन कामयाब नहीं हो पाया और फिर रात भर पत्नी की लाश के पास बैठा रहा बाद में शनिवार की सुबह सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति राम अवतार को हिरासत में लिया पुलिस पूछताछ में आरोपी पति राम अवतार ने हत्या करने की बात को स्वीकार कर लिया है पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया घटनास्थल से आवश्यक सबूत भी जुटे हैं तथा कमरे में पुलिस को दीवारों पर भारी मात्रा में खून के धब्बे भी मिले हैं पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम भी बुलाई है जानकारी के अनुसार आरोपी पति राम अवतार का अपनी पत्नी से अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता था शुक्रवार की रात भी दोनों पति-पत्नी के बीच आपस में विवाद हुआ और फिर दोनों के बीच लड़ाई हुई इसके बाद आरोपी पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर धारदार हथियार से खुद के गले को भी काटने का प्रयास किया लेकिन वह अपना गला पूरी तरह से नहीं कट पाया इसके बाद वह रात भर अपनी पत्नी की लाश के पास पलंग के नीचे बैठा रहा और उसकी पत्नी की लाश पलंग पर पड़ी रही बाद में शनिवार की सुबह जब पुलिस को इस घटना का पता चला तो वह मौके पर पहुंची और मौके पर ही आरोपी रामावतार को हिरासत में ले लिया ।, कैलाश चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेंट्रल जेल की दीवार में छेद, जेल प्रशासन में हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर सेंट्रल जेल सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश की ही नहीं बल्कि पूरे देश में सबसे अच्छी जेल माना जाता है लेकिन जोधपुर सेंट्रल जेल के पीछे के हिस्से में दीवार में एक बड़ा छेद बना दिया गया यह छेद बरसात की वजह से बना है या फिर किसी ने जानबूझकर यह छेद बनाया अभी इसकी जांच पड़ताल जारी है लेकिन जैसे ही जेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को इस बड़े सुराग के बारे में जानकारी मिली जेल अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और इस छेद को दुरुस्त किया जा रहा है लेकिन जेल में जेल प्रशासन की ओर से तलाशी अभियान भी शुरू किया गया है जिसमें मोबाइल फोन, अवैध मादक पदार्थ सिम इत्यादि बरामद भी किए गए हैं इसलिए संदेह है कि किसी ने जानबूझकर दीवार में अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए यह बड़ा छेद बनाया गया फिलहाल इस मामले की छानबीन की जा रही है गौरतलब है कि जोधपुर की इस सेंट्रल जेल में बड़े-बड़े गैंगस्टर और बड़े-बड़े अपराध जगत से जुड़े लोगों को रखा जाता है यहां कई अंतरराष्ट्रीय अपराध जगत से जुड़े लोगों को रखा जाता है इसलिए इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत होती है परिंदा भी यहां पर नहीं मार सकता लेकिन हकीकत यह भी है कि इस जेल की भी जब-जब विभिन्न वार्ड में तलाशी ली जाती है तो कहीं ना कहीं मोबाइल फोन सिम और प्रतिबंधित चीज मिल ही जाती है इसलिए यह तो कहना ही पड़ेगा कि भले ही इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत हो लेकिन जिस तरह से तलाशी अभियान में यहां प्रतिबंधित चीज मिलती रहती हैं उससे यह तो साबित होता ही है कि कहीं ना कहीं जेल प्रशासन के लापरवाही का फायदा उठाकर जेल में बंद कैदियों तक प्रतिबंधित चीज पहुंचा दी जाती है अब जिस तरह से सेंट्रल जेल के पीछे के हिस्से की दीवार में यह बड़ा छेद नजर आया है वह कहीं ना कहीं आने वाले दिनों में कोई बड़ी घटना का संकेत था लेकिन समय रहते जेल प्रशासन को इसके बारे में जानकारी मिल गई इसलिए जेल की पिछली दीवार की मरमत की जा रही है ।

## 12वीं में कम नंबर आने पर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर में 12वीं की कक्षा में कम नंबर आने पर मानसिक रूप से परेशान होकर किशोरी ने फांसी लगाकर हत्या कर ली सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी की बॉडी को कब्जे में करके घटनास्थल से आवश्यक तथ्य जुटाए हैं पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है हालांकि पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि किशोरी 12वीं का परिणाम घोषित होने के बाद से ही काफी उदास रहने लगी थी उसका कहना था कि उसके सभी पेपर अच्छे हुए लेकिन अपनी इच्छा के मुताबिक नंबर नहीं आने पर वह काफी उदास रहने लगी थी इसलिए हताश होकर उसने यह कदम उठाया जानकारी के अनुसार किशोरी का नाम भावना पुत्री अशोक है किशोरी की मौत की खबर सुनकर किशोरी के परिजनों रिश्तेदारों और स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों में भी उदासी छा गई है घर पर गम का माहौल बना हुआ है हालांकि पुलिस ने बॉडी का पोस्टमार्टम करवा कर बॉडी परिजनों को दे दी है ।

## बरसात और ओलावृष्टि से नुकसान: प्रभावितों की मदद में कोई ढिलाई नहीं बरती : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

### नुकसान की तुरंत रिपोर्ट तैयार कर शुरू की जा रही है मुआवज़े की प्रक्रिया,प्रभावित गांवों में प्रशासनिक टीमें सक्रिय, मौके पर पहुंचकर कर रहीं सर्वे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मौसम के असामान्य पैटर्न के चलते प्रदेश में हुई ओलावृष्टि और बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलों पर मार पड़ी है। जयपुर में आए बारिश और ओलावृष्टि से असंख्य पेड़ और बिजली के खंभे धाराशायी हो गए। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने झोटवाड़ा क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्र में ओले और बारिश से हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कर प्रभावितों को तुरंत राहत देने के आदेश दिए हैं। सिर्फ तत्काल राहत ही नहीं, बल्कि आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए भविष्य की तैयारियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक राहत समय पर पहुंचे और किसी को भी इस संकट में अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश और आंधी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बिजली के पोल और तारों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से होने वाले हादसों को रोका जा सके। उनके निर्देशों के बाद बचाव और सुधार कार्यों में तेजी आई है। राठौड़ के दिशानिर्देश मिलने के बाद संबंधित विभागों की टीमें बचाव कार्यों के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची और सुधार कार्यों में जुट गईं। गिरे हुए पेड़ों को हटाना, बिजली आपूर्ति बहाल करना और जनसुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता में शामिल है।

## टीकाराम जूली ने आदर्श घोटाले में सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता की भूमिका पर सवाल खड़े किए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने करोड़ों रुपए के बहुत चर्चित आदर्श घोटाले में प्रदेश की भाजपा सरकार और उसकी न्याय प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए। जूली ने राजस्थान की लाखों गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों का पैसा हड़पने वाले बहुचर्चित आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा है कि राजस्थान की भाजपा सरकार, डबल इंजन सरकार एक वकील को डबल रोल में रखकर लाखों गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ अन्याय कर रही है।राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में जूली ने आदर्श घोटाले के पीड़ितों के पक्ष में यह आवाज़ उठाई थी लेकिन सरकार पीड़ितों के प्रति असंवेदनशील बनी हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्ष 1999 में मुकेश मोदी और उनके परिवार द्वारा शुरू की गई इस सोसाइटी ने 2010 से 2014 के बीच करीब 22 लाख मासूम लोगों से 15,000 करोड़ रुपये की ठगी की। जांच में सामने आया कि लगभग 125 फर्जी शैल कंपनियों के माध्यम से जनता का पैसा मोदी परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों तक पहुँचाया गया। 2018 में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की ओर से दर्ज करवाए गए मामले के बाद गिरफ्तारियां तो हुईं, लेकिन आज न्याय की उम्मीद पर सरकार के वकील ही पानी फेर रहे हैं। जूली ने बताया कि अन्य आरोपियों के अतिरिक्त इसमें एक आरोपी सिद्धार्थ चौहान भी शामिल है। सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में इस केस की पैरवी कर रहे राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और उनकी लॉ फर्म ऑरा एंड कंपनी का इस घोटाले के आरोपियों के साथ गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि इसी घोटाले में दो और मुकदमे गुड़गांव एवं दिल्ली में चल रहे है। इन मुकदमों में सिद्धार्थ चौहान सह आरोपी है एवं अभी तक फरार होने के कारण भगौड़ा घोषित किया जा चुका है। आरोपी सिद्धार्थ चौहान के दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे में आरोपी की ओर से लॉ फर्म लिए ऑरा एंड कंपनी नियुक्त है जो वकील शिवमंगल शर्मा, सौरभ राजपाल, निधि जायसवाल तथा इनके साथियों की फर्म है। उन्होंने सवाल उठाया, यह कैसे संभव है कि एक तरफ वही वकील दिल्ली में घोटाले के आरोपी को बचाने की पैरवी कर रहे हैं और दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान सरकार की ओर से पीड़ितों का पक्ष रखने का ढोंग कर रहे हैं? यह सीधे तौर पर हितों के टकराव का मामला है और पैसा गँवा चुके निवेशकों की आंखों में धूल झोंकना है। जूली ने कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया का नियम 33 स्पष्ट रूप से किसी भी वकील को विरोधी हितों वाले पक्षों के लिए कार्य करने से रोकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी चंद्र प्रकाश त्यागी बनाम बनारसी दास मामले में व्यवस्था दी है कि वकील और क्लाइंट का संबंध विश्वास पर टिका होता है। जब वकील के पास दोनों पक्षों की गोपनीय जानकारियां हों, तो न्याय की निष्पक्षता खत्म हो जाती है।जूली ने कहा कि एक ही घोटाले से जुड़े मामलों में एक वकील दिल्ली हाईकोर्ट में सह-आरोपी की पैरवी कर रहा हो और वहीं सुप्रीम कोर्ट में उसी प्रकरण से जुड़े राज्य पक्ष स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप केस में राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में उपस्थित हो, तो यह स्थिति स्पष्ट रूप से दोनों पक्षों के हितों का प्रतिनिधित्व करने की श्रेणी में आती है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में पूछा कि क्या अधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और ऑरा लॉ फर्म ने राजस्थान सरकार को यह जानकारी दी थी कि वे इसी घोटाले के सह-आरोपी के वकील के रूप में भी कार्य कर रहे हैं? यदि सरकार को इस तथ्य की जानकारी दी गई थी, तो फिर ऐसे 'हितों के टकराव' वाले वकील को राज्य का पक्ष रखने के लिए नियुक्त करना पीड़ितों के साथ सरासर धोखा है। और यदि वकील द्वारा यह जानकारी छिपाई गई, तो क्या राजस्थान सरकार अब उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई और प्रोफेशनल मिसकंडक्ट का मामला दर्ज करने का साहस दिखाएगी? इन सवालों का जवाब न मिलना यह साबित करेगा कि सरकार की मिलीभगत से 22 लाख निवेशकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## 5 से 12 अप्रैल तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा भाजपा का 47वां स्थापना दिवस: श्रवण सिंह बगड़ी

### 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर विकास यात्रा, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं सरकार की उपलब्धियों का होगा व्यापक प्रचार,10 से 12 अप्रैल तक 'बस्ती चलो अभियान' के तहत होंगे विविध कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रदेश भर में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार 5 से 12 अप्रैल तक प्रदेश के जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 5 से 7 अप्रैल तक जिला स्तर पर सभी भाजपा कार्यालयों को फूलों एवं रंगोली से सजाया जाएगा तथा कार्यालयों पर आकर्षक रोशनी की जाएगी। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालयों पर पार्टी ध्वज फहराया जाएगा तथा कार्यकर्ता ध्वज के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। इस दिन विकास यात्रा निकाली जाएगी और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। बगड़ी ने बताया कि 7 अप्रैल को जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही 10 से 12 अप्रैल तक ग्राम एवं बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी तथा लाभार्थियों से जनसंपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिराव फूले की जयंती के अवसर पर जिला कार्यालयों में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जयसिंहपुरा खोर में जेडीए ने कई अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया, जेडीए ने लोगों को ध्यान पूर्वक इन्वेस्ट करने का आग्रह किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने शनिवार को जोन संख्या 10 में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें नियम और कानून के खिलाफ बसाई गई कई अवैध कॉलोनी को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया जेडीए की इस कार्रवाई के दौरान जेडीए की अतिक्रमण शाखा के बड़े अधिकारियों के अलावा स्थानीय पुलिस और जेडीए की तकनीकी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे क्योंकि शनिवार को जयसिंहपुरा खोर में यह जो गदा की कार्रवाई हुई है इसमें मौके से कई अवैध कॉलोनी को पूरी तरह से जड़ा ने मिटा दिया है यह कालोनियां कॉलोनाइजर की ओर से नियम और कानून का उल्लंघन करके बसाई थी कॉलोनी में बाकायदा सड़क इत्यादि भी बना दी गई थी जिन्हें जेडीए के अतिक्रमण रास्ते ने पूरी तरह से हटा दिया जानकारी के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जयसिंहपुरा खोर में खसरा संख्या 1831 और 1830 पर बसाई गई करीब चार बीघा जमीन पर कई अवैध कॉलोनीयों को ध्वस्त किया गया इस दौरान मौके पर खड़े लोग अपने आशियाना को ध्वस्त होता देखकर काफी हताश भी नजर आए कई लोगों की आंखों में आंसू भी थे लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने लोगों से साफ कहा है की जमीन जायदाद में इन्वेस्ट करने से पहले जरूरी अधिकृत दस्तावेज और कागजात जरूर चेक करें और ऐसी जगह पर प्लॉट या भूखंड नहीं खरीदें जो जेडीए के कानून और दायरे के तहत नहीं बसाई गई है क्योंकि जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से अब सतत रूप से अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जानकारी के अनुसार जयपुर शहर के आसपास के ग्रामीण इलाकों में जेडीए प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर कॉलोनाइजर ने अनेक अवैध कालोनियां स्थापित कर ली है कई कॉलोनी में वकायदा कॉलोनाइजर ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सड़क और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित भी कर दी है इसलिए निवेश करने वाले लोग कॉलोनाइजर की बातों में आकर और लोकेशन देखकर बिना अधिकृत और जरूरी कागजात ठीक तरह से चेक किए बिना भूखंड और प्लांट खरीद लेते हैं जो बाद में जयपुर मास्टर प्लान के बिल्कुल खिलाफ बसाई जानी है इसीलिए जेडीए ने निवेशकों और लोगों से आग्रह किया है कि भूखंड और प्लांट खरीदने से पहले तमाम तरह की जरूरी कागजात और दस्तावेज जरूर चेक करने चाहिए और उसी जगह पर पैसा इन्वेस्ट करना चाहिए जहां जेडीए की स्वीकृति मिली हुई है ।

## प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यकारिणी का ऐलान: 7 उपाध्यक्ष 4 महामंत्री और 8 मंत्री बनाए गए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने अपनी कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया कार्यकारिणी में सात उपाध्यक्ष, चार महामंत्री और आठ आठ मंत्री बनाए गए हैं तथा मोर्चा का कोषाध्यक्ष केदार मीणा को बनाया गया है मोर्चा का कार्यालय प्रभारी मानसिंह मीणा को बनाया गया तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी परमेश्वर लाल को दी गई इसके अलावा मोर्चा में प्रदेश प्रवक्ताओं की एक बड़ी टीम बनाई गई है जिसमें 19 लोगों को जिम्मेदारी दी गई है इसके अलावा मोर्चा में 22 नेताओं को कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है तथा 5 नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है इस तरह से मोर्चे की नई टीम में 71 नेताओं को शामिल किया गया है इसके अलावा पांच नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है प्रदेश भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा में उपाध्यक्ष पद पर विजय मीणा, अमृतलाल मीणा ममता मीना, धनाराम मीणा, कालूराम मीणा,राजेंद्र मीणा और कांतिलाल मीणा को नियुक्ति दी गई है तथा महामंत्री पद पर महेंद्र चंदा, राज बहादुर मीणा, अशोक मीणा और राजेश कटारा को नियुक्त किया गया है इसके अलावा मंत्री पद पर रमेश मीणा, उग्र रामभील, दिनेश मीणा, राहुल मीणा, संजय मीणा, शीला राजकुमार मीणा, ब्रजमोहन मीणा और रामस्वरूप मीणा को नियुक्ति दी गई है द्य मोर्चा में सोशल मीडिया की जिम्मेदारी जमुनालाल मीना और आईटी सेल की जिम्मेदारी रिंकू मीणा को दी गई है जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक हुई बैठक में आगामी दिनों में प्रदेश भर में अंबेडकर जयंती और भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर होने जा रहे कार्यक्रमों को शानदार तरीके से संपादित करने के बारे में विचार विमर्श किया गया और आवश्यक रणनीति तैयार की गई मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में शानदार विकास कार्य किए हैं और गरीब मजदूर अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक सभी वर्ग के लोगों के कल्याण और विकास के लिए सरकार ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है इसलिए मोर्चे की टीम अब प्रदेश के गांव गांव और शहर शहर जाकर एक तरफ जहां प्रदेश भाजपा के संगठन को और मजबूत करने के प्रयासों में मोर्चे के कार्यकर्ता दिन-रात एक करेंगे तो दूसरी तरफ मोर्चे के संगठन को भी मजबूत करने के लिए मोर्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा अनुसूचित जनजाति के लोगों को जोड़ा जाएगा जिसमें मोर्चे से ज्यादा से ज्यादा युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि मोर्चे की टीम भजनलाल सरकार और केंद्र की मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी जन जन पहुंचाएगी ।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु 2 साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु भगत की कोठी (जोधपुर)-दानापुर- भगत की कोठी (जोधपुर) एवं खातीपुरा(जयपुर)-हावडा-खातीपुरा (जयपुर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाअओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04813, भगत की कोठी (जोधपुर)-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 8.4.26 से 15.7.26 तक (15 ट्रिप) भगत की कोठी से प्रत्येक बुधवार को 17.20 बजे रवाना होकर गुरूवार को 17.45 बजे दानापुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04814, दानापुर- भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 9.4.26 से 16.7.26 तक (15 ट्रिप) दानापुर से प्रत्येक गुरूवार को 19.00 बजे रवाना होकर शनिवार को 01.00 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावां सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर व आरां स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 12 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 21 डिब्बे होगे। इसी तरह गाडी संख्या 09709, खातीपुरा (जयपुर)-हावडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 7.4.26 से 30.6.26 तक (13 ट्रिप) खातीपुरा से प्रत्येक मंगलवार को 9.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 15.40 बजे हावडा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09710, हावडा-खातीपुरा (जयपुर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 8.4.26 से 1.7.26 तक (13 ट्रिप) हावडा से प्रत्येक बुधवार को 23.55 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 9.00 बजे खातीपुरा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह, टूण्डला, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं.दीनदयाल उपाध्याय, भबुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान व बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 22 डिब्बे होगे।

## सम्पादकीय

### सड़कें वही, लेकिन सफर हो रहा महंगा, टोल बढ़ोतरी ने यात्रियों की बढ़ाई मुश्किलें



देशभर में महंगाई में बढ़ोतरी के बीच अब लोगों के लिए कहीं आना-जाना भी महंगा साबित होने लगा है। दरअसल, वैश्विक परिस्थितियों की वजह से पहले ही संकट का दायरा फैल रहा है और चीजों की कीमतों में इजाफा हो रहा है। इस बीच हरियाणा में राजमार्गों पर टोल दरों में बेतहाशा वृद्धि की घोषणा आम लोगों के सामने एक नई परेशानी पैदा करने वाली है। इसके अमल में आने के साथ ही निजी वाहनों से यात्रा करने वालों को अब अधिक टोल चुकाना होगा। यह हाल तब है, जबकि अधिकतर राजमार्गों पर बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है, आए दिन लोगों को लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एकल और दोहरी यात्रा में पांच रुपए से लेकर पैंतीस रुपए तक की बढ़ोतरी पर सवाल उठना स्वाभाविक है। मसलन, गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे पर बजघेड़ा टोल प्लाजा पर एकल यात्रा के लिए 225 रुपए देना यात्रियों के लिए भारी साबित हो सकता है। दूसरी ओर वाणिज्यिक वाहनों से वसूली का असर भी दिखेगा और आखिरकार आम आदमी पर ही इसकी मार पड़ेगी। सवाल है कि बुनियादी सुविधाओं में सुधार किए बिना टोल दरों में वृद्धि की क्या तुक है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही राजमार्गों पर यात्रा महंगी किए जाने से लोगों में निराशा बढ़ेगी। इस समय ज्यादातर राजमार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। वहीं रास्ते में साफ-सुथरे जन-सुविधा परिसरों का अभाव खटकता है। रात में कई मार्गों पर अंधेरा होने से हादसे का अंदेशा बना रहता है। राजमार्ग प्राधिकरण के गश्ती दल तुरंत मौके पर नहीं पहुंचते। इससे लोग असहाय स्थिति में होते हैं। कई बार हादसे के बाद फिर हादसा होना यह बताता है कि प्राधिकरण को टोल की तो चिंता है, लेकिन यात्रियों की जान की नहीं। अक्सर देखा गया है कि टोल नाकों पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इससे न केवल समय की, बल्कि ईंधन की भी बर्बादी होती है। हालांकि हरियाणा में टोल पर अब केवल फास्टैग या आनलाइन भुगतान ही किया जा सकेगा। ऐसे में संभव है कि वाहनों की कतार कुछ कम हो। फिर भी राजमार्गों पर सुविधाएं बढ़ाए बिना टोल शुल्क बढ़ाना यात्रियों पर नाहक ही बोझ डालने जैसा है। शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। यह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आइजीआइ) पर भीड़भाड़ कम करेगा। नोएडा हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी नई हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। हवाईअड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी माडल के तहत 11,200 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। इस हवाईअड्डे की यात्री संभालने की क्षमता शुरुआत में प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी।



## कहानी

### दानवीर कर्ण

बालमित्रों, कर्ण दुर्योधन का घनिष्ठ मित्र था । वह एक महान दानी के रूप में प्रसिद्ध था । वह अपने पास आए किसी भी याचक को कभी खाली हाथ नहीं लौटाता था, ऐसी उसकी कीर्ति थी । वह प्रतिदिन सुबह स्नान के लिए नदीपर जाता था । जल में उतरकर सूर्य को अर्घ देता और स्नान के उपरांत जो भी याचक उसके पास आता, उसे वह मुंहमांगी वस्तु प्रदान करता था । एक बार भगवान श्रीकृष्ण तथा अर्जुन बैठे वार्तालाप कर रहे थे । बातों- बातों में कर्ण की दान वीरता का विषय आ गया । श्रीकृष्णजी ने कर्ण की दानवीरता की प्रशंसा की । श्रीकृष्ण बोले, ''कर्ण जितना उदार व्यक्ति अन्य कोई नहीं है ।'' इसपर अर्जुन को थोडा आश्चर्य हुआ । अर्जुन बोला, ''श्रीकृष्ण, धर्मराज भी दानवीर हैं ।' तब सर्वाधिक दानवीर कौन है ? इसपर उनकी चर्चा आरंभ हो गई । श्रीकृष्ण बोले, ''ठीक है, कल ही हम धर्मराज और कर्ण दोनों के पास जा कर इसकी परीक्षा लेंगे । ' वर्षा के दिन थे । अगले दिन सूरज निकलते ही श्रीकृष्ण तथा अर्जुन धर्मराज के पास गए । उन्हें देखकर धर्मराज को अत्यंत आनंद हुआ । उन्होंने उन दोनों का यथोचित स्वागत किया और फिर उनके वहां आने का कारण पूछा । तब श्रीकृष्ण बोले, ''राजधानी में अचानक एक महत्त्वपूर्ण निर्माण कार्य करना है । उसके लिए लकडियां चाहिए ।' धर्मराज ने अपने सेवकों को बुलाया तथा निर्माण कार्य के लिए उत्तम प्रकार की लकडियां लाने की आज्ञा दी । इधर-उधर की बातें हुईं । बहुत समय निकल गया, किंतु सेवक वापस नहीं लौटे । कुछ समय के उपरांत सेवक अपना सिर झुकाए लौटे । धर्मराज बोले, ''क्या हुआ ? लकडियां नहीं मिलीं ?' सेवकों ने उत्तर दिया, ''वर्षा के कारण सारी लकडियां भीग चुकी थीं, इस कारण हम लकडियां नहीं ला सके हैं ।'' हार कर धर्मराज ने अर्जुन तथा श्रीकृष्ण को लकडियां न मिलने का कारण बताया । श्रीकृष्ण तथा अर्जुन लौट गए । तदुपरांत वे कर्ण के पास गए । कर्ण ने उन्हें आदरपूर्वक आसन ग्रहण करने को कहा और उनका कुशलक्षेम पूछा । इसपर अर्जुन ने लकडियों की अचानक आवश्यकता आन पडने के बारे में बताया । कर्ण बोला, ''इतना ही न, तो इसमें इतनी चिंता करने की क्या बात है ?' ऐसा कहा कर उसने अपने सेवकों को लकडियां लाने भेजा । कुछ समय में वह सेवक लौट आया और बोला, ''बारिश में लकडियां भीग चुकी हैं । इसलिए नहीं मिलीं ।'' सेवकों की बात सुनते ही कर्ण अंदर गया और बहुत समय होने के उपरांत भी जब वह बाहर नहीं आया तो अर्जुन श्रीकृष्ण की और देखने लगा । श्रीकृष्ण उसे साथ लेकर कर्ण के दालन में गया । तब देखता क्या है, कर्ण अपने पलंग के पाये काट रहा था और उसने आसपास भी लकडी का अन्य सामान तोडकर रखा है । तब उनके ध्यान मे आया कि कर्ण को इतना समय क्यों लग रहा है । अर्जुन ने पूछा, ''कर्ण, इतनी सी बात के लिए तुम ने चंदन का कलात्मक लकडी का पलंग क्यों तोड डाला ?'

# सभ्यतागत प्रगति की प्रतिगामी दिशा

*ईरान पर हमले की न तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अनुमति ली गई और न ही अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस से अनुमोदन। ईरानी नेताओं की हत्या और ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर सैन्य हमलों का दायरा भी कई मौलिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। ईरान पर हमले के लिए इजरायल और अमेरिका वहां सत्ता परिवर्तन की जो दलील देते आए हैं, वह भी अंतरराष्ट्रीय कानून के उन बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ हैं, जो राष्ट्रों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की अक्षुण्णता पर आधारित हैं।*

*इस मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश हार्डी डिलार्ड ने 1975 में 'पश्चिमी सहारा' मामले में एक महत्वपूर्ण अवलोकन प्रस्तुत किया था, जिसका मर्म यह था कि 'जनता ही क्षेत्र की नियति तय करती है, न कि क्षेत्र जनता की नियति।' यह टिप्पणी ईरान के मामले में भी सटीक बैठती है। ईरान में सत्ताधीशों के अत्याचार की कतिपय पैमानों पर निंदा संभव है, पर इसके बावजूद किसी संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए 'सत्ता परिवर्तन' के संदिग्ध तर्क की वैधता को स्वीकारने का यही अर्थ होगा कि हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पूरा खाका ही पलट दें।*

*हाल में यूक्रेन, गाजा, वेनेजुएला और ईरान में चल रहे टकराव के अलावा अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध छेड़ने जैसी पहल ने हमें शक्ति की वास्तविकता एवं उसके स्वरूप संबंधी दर्शन पर मंथन की दिशा में उन्मुख किया है। इस क्रम में वैश्विक मंच पर विराजमान राजनीतिक नेतृत्व का मानवीय मुश्किलों के प्रति उदासीन रवैया यही संकेत करता है कि सभ्यतागत मोर्चे पर हुई प्रगति की दिशा प्रतिगामी हो चली है। एक ऐसे विश्व को जिसे शक्ति के उपयोग को लेकर स्वयं को और अधिक सभ्य बनाने की आकांक्षा रखनी चाहिए, वहां यह उलट दिशा में जाता दिख रहा है। याद रहे बमबारी से कभी शांति संभव नहीं। इतिहास भी हमें यही सिखाता है कि युद्ध स्वयं समस्या है, समाधान नहीं और किसी भी प्रकार का अन्याय या दमन अपने भीतर ही क्रांति के सूत्र समाहित किए होता है। जब तक दुनिया युद्ध की अमानवीय प्रकृति और विनाशलीला से मुक्त नहीं हो जाती, तब तक मानवीय विश्व व्यवस्था की स्थापना कपोल कल्पना ही रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शांति की दिशा में आगे बढ़ने और तनाव घटाने के लिए बार-बार किया गया आह्वान वस्तुतः सशस्त्र संघर्षों के प्रति स्पष्ट अस्वीकृति और विवादों के मध्यस्थतापूर्ण समाधान की तात्कालिकता का ही संकेत देता है। यह राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने और संघर्ष समाधान के माध्यम के रूप में युद्ध से परहेज करने की भारत की नीति के अनुरूप है। इस बारीक दृष्टिकोण का एक आवश्यक पहलू यह होगा कि सत्ता के साम्राज्यवादी प्रयोग के विरुद्ध प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में अपेक्षाकृत कड़ी अंतरराष्ट्रीय कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित किया जाए। यह उन लोगों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानूनों के निहितार्थों एवं प्रक्रियाओं के प्रति एक बाध्यकारी प्रतिबद्धता पर आधारित हो, जिनके पास वैश्विक न्याय को बनाए रखने की शक्ति है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून की कसौटी एवं नैतिकता के मानदंडों पर पूरी तरह खरी उतरे। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर भारत की भूमिका अपनी प्राचीन दार्शनिक विचारधारा 'वसुधैव कुटुंबकम' और नेहरूवादी अंतरराष्ट्रीयवाद में निहित अपनी विदेश नीति की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप एक शांतिदूत की होनी चाहिए। युद्ध की परिस्थितियां निरंतर नए मोड़ ले रही हैं। ऐसे में राष्ट्रीय हितों की रक्षा का प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है। चूंकि वर्तमान सरकार का यह नैतिक दायित्व है कि इन हितों को सर्वोत्तम रूप से कैसे सुरक्षित किया जाए, इसलिए उसके निर्णय और विवेक का सम्मान किया जाना चाहिए। निःसंदेह लोकतांत्रिक व्यवस्था में विदेश और रक्षा नीतियां भी बहस के दायरे से परे नहीं हैं,*



ईरान युद्ध से दुनिया की परेशानी बढ़ गई है। इसे जल्द समाप्त करने के लिए पर्दे के पीछे भी तमाम प्रयास जारी हैं, पर उनसे किसी समाधान की उम्मीद कम ही है। संघर्ष का दायरा खाड़ी क्षेत्र तक फैल गया है। ईरान ने इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है। ईरान ने होर्मुज जलमार्ग की जिस तरह नाकाबंदी की हुई है, उससे कई अन्य देश भी इस संघर्ष में कूद सकते हैं।


कोई भी युद्ध अपने साथ तबाही लेकर ही आता है तो यह लड़ाई भी कोई अपवाद नहीं। इसमें अब तक हजारों जिंदगियां भेंट चढ़ गई हैं। बड़ी-बड़ी मानव बस्तियां मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान की परमाणु आकांक्षाओं के दमन और अपनी आत्मरक्षा को आधार बनाकर यह हमला किया। उन्होंने ईरानी जनता के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के लिए सत्ता परिवर्तन की आवश्यकता भी जताई, पर उनकी छेड़ी इस जंग को न के बराबर नैतिक एवं कानूनी समर्थन मिल सका। वास्तविक अर्थों में तो यह युद्ध ऊर्जा संसाधनों पर कब्जे और अपनी ताकत का वर्चस्व स्थापित करने की एक कवायद भर है। यह इस पहलू को भी पुष्ट करता है कि है 1945 के बाद की अंतरराष्ट्रीय कानून व्यवस्था वर्चस्ववादी प्रयोग के समक्ष युद्ध रोकने और शांति बनाए रखने में पूरी तरह असमर्थ है। ट्रंप का वेनेजुएला अभियान और उनके द्वारा छेड़ा गया टैरिफ युद्ध उस वैश्विक कानूनी ढांचे के पतन का ही प्रमाण है, जिसका नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र चार्टर और जिनेवा सम्मेलनों एवं अन्य संधियों में संहिताबद्ध कानून करते हैं। ईरान पर हमले की न तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अनुमति ली गई और न ही अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस से अनुमोदन। ईरानी नेताओं की हत्या और ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर सैन्य हमलों का दायरा भी कई मौलिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। ईरान पर हमले के लिए इजरायल और अमेरिका वहां सत्ता परिवर्तन की जो दलील देते आए हैं, वह भी अंतरराष्ट्रीय कानून के उन बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ हैं, जो राष्ट्रों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की अक्षुण्णता पर आधारित हैं।

इस मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश हार्डी डिलार्ड ने 1975 में 'पश्चिमी सहारा' मामले में एक महत्वपूर्ण अवलोकन प्रस्तुत किया था, जिसका मर्म यह था कि 'जनता ही क्षेत्र की नियति तय करती है, न कि क्षेत्र जनता की नियति।' यह टिप्पणी ईरान के मामले में भी सटीक बैठती है। ईरान में सत्ताधीशों के अत्याचार की कतिपय पैमानों पर निंदा संभव है, पर इसके बावजूद किसी संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए 'सत्ता परिवर्तन' के संदिग्ध तर्क की वैधता को स्वीकारने का यही अर्थ होगा कि हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पूरा खाका ही पलट दें। हाल में यूक्रेन, गाजा, वेनेजुएला और ईरान में चल रहे टकराव के अलावा अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध छेड़ने जैसी पहल ने हमें शक्ति की वास्तविकता एवं उसके स्वरूप संबंधी दर्शन पर मंथन की दिशा में उन्मुख किया है। इस क्रम में वैश्विक मंच पर विराजमान राजनीतिक नेतृत्व का मानवीय मुश्किलों के प्रति उदासीन रवैया यही संकेत करता है कि सभ्यतागत मोर्चे पर हुई प्रगति की दिशा प्रतिगामी हो चली है। एक ऐसे विश्व को जिसे शक्ति के उपयोग को लेकर स्वयं को और अधिक सभ्य बनाने की आकांक्षा रखनी चाहिए, वहां यह उलट दिशा में जाता दिख रहा है। याद रहे बमबारी से कभी शांति संभव नहीं। इतिहास भी हमें यही सिखाता है कि युद्ध स्वयं समस्या है, समाधान नहीं और किसी भी प्रकार का अन्याय या दमन अपने भीतर ही क्रांति के सूत्र समाहित किए होता है। जब तक दुनिया युद्ध की अमानवीय प्रकृति और विनाशलीला से मुक्त नहीं हो जाती, तब तक मानवीय विश्व व्यवस्था की स्थापना कपोल कल्पना ही रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शांति की दिशा में आगे बढ़ने और तनाव घटाने के लिए बार-बार किया गया आह्वान वस्तुतः सशस्त्र संघर्षों के प्रति स्पष्ट अस्वीकृति और विवादों के मध्यस्थतापूर्ण समाधान की तात्कालिकता का ही संकेत देता है। यह राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने और संघर्ष समाधान के माध्यम के रूप में युद्ध से परहेज करने की भारत की नीति के अनुरूप है। इस बारीक दृष्टिकोण का एक आवश्यक पहलू यह होगा कि सत्ता के साम्राज्यवादी प्रयोग के विरुद्ध प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में अपेक्षाकृत कड़ी अंतरराष्ट्रीय कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित किया जाए। यह उन लोगों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानूनों के निहितार्थों एवं प्रक्रियाओं के प्रति एक बाध्यकारी प्रतिबद्धता पर आधारित हो, जिनके पास वैश्विक न्याय को बनाए रखने की शक्ति है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून की कसौटी एवं नैतिकता के मानदंडों पर पूरी तरह खरी उतरे। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर भारत की भूमिका अपनी प्राचीन दार्शनिक विचारधारा 'वसुधैव कुटुंबकम' और नेहरूवादी अंतरराष्ट्रीयवाद में निहित अपनी विदेश नीति की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप एक शांतिदूत की होनी चाहिए। युद्ध की परिस्थितियां निरंतर नए मोड़ ले रही हैं। ऐसे में राष्ट्रीय हितों की रक्षा का प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है। चूंकि वर्तमान सरकार का यह नैतिक दायित्व है कि इन हितों को सर्वोत्तम रूप से कैसे सुरक्षित किया जाए, इसलिए उसके निर्णय और विवेक का सम्मान किया जाना चाहिए। निःसंदेह लोकतांत्रिक व्यवस्था में विदेश और रक्षा नीतियां भी बहस के दायरे से परे नहीं हैं, लेकिन सार्वजनिक विमर्श में यह स्वीकार किया जाना चाहिए

# लैंगिक समानता को बल देने वाली पहल

*आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि 15 वर्ष से कम आयु की लड़कियों (7 प्रतिशत) के पानी लाने की संभावना समान आयु के लड़कों (4 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। यह लैंगिक असमानता को उजागर करता है। यूएन वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2026 यह रेखांकित करती है कि जल संकट केवल संसाधनों की उपलब्धता का प्रश्न नहीं, बल्कि समान अधिकारों और अवसरों से जुड़ा हुआ एक गहरा सामाजिक प्रश्न है। घरों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के अभाव का सबसे अधिक भार महिलाओं और लड़कियों पर पड़ता है, जो अधिकांश परिवारों में पानी लाने की प्राथमिक जिम्मेदारी निभाती हैं। जब सुरक्षित जल घर के निकट उपलब्ध होता है, तो लड़कियों के स्कूल में बने रहने की संभावना बढ़ती है और महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए समय मिलता है। शहरी झुग्गी बस्तियों और*

गर्मियां शुरू हो चुकी हैं और इसी के साथ जल संकट के दिन आने वाले है। ऐसे ही माहौल में बीते दिनों विश्व जल दिवस मनाया गया। 1993 से संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जा रहा यह दिवस जल को जीवन, विकास और मानव अधिकार के रूप में स्थापित करने के वैश्विक प्रयासों का प्रतीक है, किंतु इस औपचारिकता के पीछे एक कठोर सच्चाई आज भी यथावत है। यह सच्चाई केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में दिखाई देती है। फिजी के एक तटीय गांव में रहने वाली छह वर्षीय लैसानी घर के पास पानी के टैंक से वर्षा जल एकत्र करती है। वह प्लास्टिक की बोतलों में पानी भरकर घर लाती है, जहां पीने से पहले उसे उबाला जाता है। उसके परिवार के लिए वर्षा जल ही सुरक्षित पानी का मुख्य स्रोत है। इसे उपयोग योग्य बनाए रखना उनके दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। यह केवल एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि तथ्य बताते हैं कि विश्व में लगभग 1.8 अरब लोगों के घरों में पेयजल उपलब्ध नहीं है।



हर तीन में से दो परिवारों में पानी लाने की जिम्मेदारी मुख्यतः महिलाओं और लड़कियों पर होती है। पानी लाने और उसके प्रबंधन में खपने वाला समय अक्सर लड़कियों की शिक्षा में बाधा, स्वास्थ्य जोखिमों में वृद्धि और सीमित अवसरों का कारण बनता है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार वैश्विक स्तर पर महिलाएं और लड़कियां प्रतिदिन लगभग 25 करोड़ घंटे पानी एकत्र करने में व्यतीत करती हैं। यह केवल समय का आंकड़ा नहीं, बल्कि वे असंख्य अवसर हैं, जो शिक्षा, कौशल विकास, मनोरंजन या आय अर्जित करने वाली गतिविधियों में परिवर्तित हो सकते थे। आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि 15 वर्ष से कम आयु की लड़कियों (7 प्रतिशत) के पानी लाने की संभावना समान आयु के लड़कों (4 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। यह लैंगिक असमानता को उजागर करता है। यूएन वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2026 यह रेखांकित करती है कि जल संकट केवल संसाधनों की उपलब्धता का प्रश्न नहीं, बल्कि समान अधिकारों और अवसरों से जुड़ा हुआ एक गहरा सामाजिक प्रश्न है। घरों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के अभाव का सबसे अधिक भार महिलाओं और लड़कियों पर पड़ता है, जो अधिकांश परिवारों में पानी लाने की प्राथमिक जिम्मेदारी निभाती हैं। जब सुरक्षित जल घर के निकट उपलब्ध होता है, तो लड़कियों के स्कूल में बने रहने की संभावना बढ़ती है और महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए समय मिलता है। शहरी झुग्गी बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों तथा मासिक धर्म स्वच्छता के लिए पर्याप्त जल का अभाव न केवल शारीरिक असुविधा का कारण बनता है, बल्कि महिलाओं और किशोरियों के लिए शर्मिंदगी, असुरक्षा और सामाजिक बहिष्करण की स्थिति भी उत्पन्न करता है। विडंबना यह है कि 50 से कम ही देशों में ऐसी नीतियां हैं, जो ग्रामीण स्वच्छता और जल संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी का स्पष्ट उल्लेख करती हैं। जहां वैश्विक स्तर पर नीतिगत असंतुलन अब भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, वहीं भारत ने इस चुनौती का समाधान खोजने की दिशा में उल्लेखनीय पहल की है। जल जीवन मिशन के माध्यम से भारत ने न केवल जल उपलब्धता के प्रश्न को संबोधित किया है, बल्कि जल प्रबंधन में व्याप्त लैंगिक असमानता को भी दूर करने का प्रयास किया है। 2019 में प्रारंभ जल जीवन मिशन, जिसे 'हर घर जल' के रूप में भी जाना जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसे दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है। मार्च 2026 तक इस मिशन के अंतर्गत लगभग 15.82 करोड़ ग्रामीण परिवारों को उनके घरों में पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है, जो कुल ग्रामीण परिवारों का लगभग 81 प्रतिशत से अधिक है। इस तरह जल जीवन मिशन ने लैंगिक समानता की दिशा में एक अभूतपूर्व और अनुकरणीय कार्य किया है। घर या घर के निकट जल उपलब्ध होने से महिलाओं का समय शिक्षा, आजीविका और अन्य उत्पादक गतिविधियों में लगता है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 'जल जीवन मिशन के परिणामस्वरूप लगभग नौ करोड़ महिलाओं को पानी लाने के दैनिक श्रम से मुक्ति मिली है।

# जन विश्वास विधेयक, अमल का रास्ता साफ

लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी जन विश्वास संशोधन विधेयक पारित होने से कानून के रूप में उसके अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था। अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। जन विश्वास विधेयक का मूल उद्देश्य जीवन सुगमता के साथ व्यापार सुगमता को बढ़ावा देना और न्याय व्यवस्था को ज्यादा मानवीय एवं व्यावहारिक बनाना है। इसी कारण प्रधानमंत्री ने इस विधेयक के पारित होने पर यह आशा व्यक्त की कि इसके जरिये भरोसे पर आधारित व्यवस्था का निर्माण होने के साथ आम नागरिक सशक्त बनेंगे। चूंकि इस




विधेयक के जरिये 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रविधानों में संशोधन किए गए हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है, इसलिए मुकदमों का बोझ हटेगा और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुर्माना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे। वास्तव में कानून का शासन ऐसा होना चाहिए, जिसमें मामूली गलती या किसी गफलत या अनजाने में की गई भूल सजा का कारण नहीं बननी चाहिए। अब जब जन विश्वास विधेयक से हालात में व्यापक बदलाव की उम्मीद की जा रही है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस विधेयक के प्रविधानों से आम जनता को अवगत कराया जाए, ताकि वह अधिकतम लाभ उठा सके और शोषण एवं भ्रष्टाचार से भी बच सके। ध्यान रहे आम लोग सशक्त तब होते हैं, जब वे नियम-कानूनों से भली तरह अवगत होते हैं। जनता को बदले हुए नियम-कानूनों से परिचित कराने का काम सरकार को करना चाहिए। इसी के साथ उसे इसे लेकर सावधान रहना होगा कि छोटे अपराधों में जेल भेजने वाले प्रविधानों की जगह चेतावनी देने और जुर्माना लगाने वाली नई व्यवस्था से समाज में ऐसा कोई संदेश न जाए कि नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जुर्माना देकर बचा जा सकता है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती व मेला 10 को



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान चौमूं की कार्यकारिणी की मीटिंग संस्थान अध्यक्ष सुरेश तंवर की अध्यक्षता में सैनी समाज सभा भवन चौमूं में आयोजित की गईं। संस्थान महामंत्री डॉ. मान प्रकाश सैनी ने बताया कि मीटिंग में महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती की पूर्व संध्या पर शुक्रवार 10 अप्रैल को सैनी समाज सभा भवन चौमूं में सैनी मेला व जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय किया गया। संस्थान कोषाध्यक्ष औमप्रकाश सिंगोदिया रिटायर्ड बैंक मैनेजर ने बताया कि कार्यक्रम में महात्मा फुले के जीवन दर्शन पर विचार, सामाजिक उत्थान व समरसता पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। मीटिंग में संरक्षक विष्णु कुमार सैनी, राधेश्याम सैनी, संरक्षक व प्रदेश महामंत्री माली सैनी महासभा घीसालाल सैनी, संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार तिगरिया, गणेश बैनाडिया, माली समाज कोषाध्यक्ष एडवोकेट गौरव सैनी, संयुक्त सचिव जयकिशन फड्या, विनोद सिंगोदिया, डॉ. दिनेश तुंदवाल, कन्हैया लाल जादम, कैलाश चांदोलिया, गिरधर सैनी, ओमप्रकाश भगत आदि समाज बन्धु उपस्थित रहे।


# सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की बैठक महासभा कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा के मुख्य आथित्य व प्रमुख वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सोहनलाल पारीक व चौमूं तहसील अध्यक्ष मास्टर श्याम शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन महामंत्री गजानंद शर्मा ने बताया कि बैठक में पुरुषोत्तम शर्मा ने सभी पदाधिकारियों से महासभा की ओर से 15 मार्च को संपन्न वरिष्ठ व मातृ शक्ति सम्मान समारोह का फीडबैक लेकर समारोह की समीक्षा की और आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। महिला तहसील अध्यक्ष दीपिका पारीक ने बताया कि बैठक में कोषाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने समारोह के आय-व्यय व हिसाब सभी के समक्ष प्रस्तुत किया और विभिन्न उद्देश्यों के लिए अलग-अलग संयोजक नियुक्ति किए गए। महासभा के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भंवर शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, सचिव टिंकू शर्मा, मंजू पारीक, सीमा पारीक, सोनम शर्मा सहित महासभा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. अंबेडकर जयंती मनाने का लिया निर्णय



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई सभा-भवन पर शुक्रवार को बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती से 2 दिन पूर्व 12 अप्रैल को बलाई समाज सभा-भवन के सामने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति के उपकोषाध्यक्ष नानग राम लुनीवाल, उपमहासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, सचिव राजेन्द्र प्रसाद काला, प्रहलाद राय जाटावत, फूलचंद सिंघल, श्रवण कुमार नारनोलिया आदि मौजूद रहे।

# मोनिका मीणा ने लहराया परचम



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** छात्राएं किसी भी क्षेत्र में छात्रों से कम नहीं हैं। मोनिका मीणा पुत्री ओम प्रकाश मीणा निवासी बाईकाबास ने कला संकाय में कक्षा 12वीं में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बाईकाबास में जाकर उसके माता-पिता, उसकी दादी का माला, साफा पहनाकर, शाल ओढ़ाकर, मोमेंटो भेंटकर, मिठाई खिलाकर मान सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच बाबूलाल मीना, पूर्व सरपंच हरिनारायण यादव, रिटायर्ड रेलवे अधिकारी सीएम मीणा, डेयरीउपाध्यक्ष रामकिशोर मेला, चौमूं मीणा समाज उपाध्यक्ष नंदलाल मीणा, शैतान सिंह मीणा, रिटायर्डआर ए सी पूरणमल मीणा, लालचंद मीणा, प्रकाश चंद मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने किया प्रागपुरा थाने का निरीक्षण : जनसुनवाई कर आमजन को दिया त्वरित न्याय का भरोसा

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी ने थाना प्रागपुरा में परिवादियों की शिकायतों की जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान यहां अधिकारियों और स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पुलिसकर्मियों की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल व प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम सहित जनप्रतिनिधियों, सुरक्षा सखियों व नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से कोटपुतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह की ओर से पुलिस थाना प्रागपुरा में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में वृत्त विराटनगर सहित पूरे वृत्त क्षेत्र के विभिन्न थानों से आए परिवादियों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, रास्ता अवरोध, मारपीट, पावटा कस्बे में जाम की व्यवस्था, बजरी खनन, नशे के कारोबार मामलों को लेकर एवं अन्य सामाजिक-प्रशासनिक मुद्दों से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने प्रत्येक परिवाद को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवादियों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और हर मामले में पारदर्शिता व संवेदनशीलता बनाए रखी जाए। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने भी आमजन को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम से तुरंत संपर्क करें। वही एसपी सतवीर सिंह ने प्रागपुरा थाने का निरीक्षण करते हुए थाने में रिकॉर्ड संधारण की स्थिति को बारीकी से जांचा तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके। इसके साथ ही सतवीर सिंह ने मालखाना व्यवस्था, जब्त सामान के रख-रखाव और रजिस्टरों के संधारण को भी परखा। उन्होंने मालखाने की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा रिकॉर्ड को अपडेट रखने के निर्देश दिए। थाने परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर भी उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बेहतर वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। एसपी ने अधिकारियों और कार्मिकों से कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए और सक्रिय पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आमजन के साथ संवेदनशील और मित्रवत व्यवहार रखने की बात कही, ताकि पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, एलन स्वामी, निर्मल पंसारी, नीरज सैन, लालचंद यादव, अजय सैनी, सराजुद्दीन, जीएल यादव, मोहन सिंह, श्रवण सिंह, कृष्ण ओला सहित सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखियों सहित परिवादी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला: केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स



**किशनगढ़(अजमेर)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। वे शनिवार को किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अराई में आयोजित अराई एवं बोराडा मंडल के संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग एवं संगठनात्मक बैठक के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की कार्यप्रणाली, वैचारिक सुदृढ़ता और जनसेवा के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई।

समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाते हैं और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और सेवा, समर्पण तथा सुशासन के मूल मंत्र के साथ कार्य करें।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता होते हैं। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं तथा क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

केंद्रीय मंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को दोहराते हुए कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बोर्ड टॉपर्स विद्यार्थियों का निकाला विजय जुलूस



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 44, इंदौरा कॉलोनी स्थित न्यू शाईन इंटरनेशनल सीनियर सैकंडरी स्कूल की ओर से बोर्ड टोपर्स का विजयी जुलूस निकाला गया। सचिव राहुल सैनी ने बताया कि सत्र 2025-26 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में 95 प्रतिशत तनीषा अग्रवाल, 93.20 प्रतिशत मनीषा कुमावत, 90.20 प्रतिशत प्रियांशी सैनी ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया 7 वहीं माध्यमिक परीक्षा सत्र 2025-26 में पहला स्थान तनु सैनी पुत्री रामधन इंदौरा ने 98.17 प्रतिशत, दूसरा स्थान प्रतिभा चौधरी पुत्री राजेश कुमार ताखर 97.67 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर 97.33 प्रतिशत शुभम ताखर पुत्र राजेश कुमार ताखर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भी विद्यालय प्रांगण में सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर व राजस्थानी साफा बंधवाकर सम्मान किया। विद्यालय निदेशक रामकरण सैनी ने बताया की कक्षा दसवीं, आठवीं, पांचवी व 12वीं में होनहार विद्यार्थियों का उनके माता-पिता के साथ विद्यालय परिसर में शानदार स्वागत किया गया। सभी को राजस्थानी साफा और माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह आगे भी इसी प्रकार का परीक्षा परिणाम विद्यालय में लगातार देते रहेंगे। इस अवसर पर प्रिंसिपल रेखा शर्मा, केशियर मीना सैनी, कोर्डिनेटर ओम प्रकाश शर्मा, ललिता टेलर, नीतू चौधरी, निकिता कुमावत, मानसी शर्मा, रिद्दिका सैनी, लीला सैनी, किरण सैनी, विमला सैनी, निक्की पारीक, अशोक मीणा, ओम भाटिया, रतन यादव, राजेश सैनी ,ज्योति सैनी, आकाश कुमावत, मदनलाल सैनी सेवानिवृत्त बीएसएनल अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक जगदीश प्रसाद सैनी, अनुराग शर्मा, किशोर जमालपुरिया सहित सभी स्टाफ़ उपस्थित रहा।

# ग्रीष्मावकाश सहित अन्य अवकाशों में कटौती को वापस लेने की मांग

## शिक्षक संघ (सियाराम) ने किया आंदोलन का आह्वान




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक मंडल एवं नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन के लाल कोठी जयपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कालाडेरा चौमूं से प्रदेश महामंत्री (संस्कृत शिक्षा)अमित योगी ने बैठक में भाग लिया। योगी व प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीणा ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने शिविरा पंचांग 2026-27 में ग्रीष्मावकाश व संस्था प्रधान की ओर से घोषित अवकाश में कटौती का कड़ा विरोध किया है। राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना पूर्णतया अव्यावहारिक है। क्षेत्रीय व स्थानीय उत्सवों एवं आयोजनों में राजकीय अवकाश नहीं होने पर भी वहाँ के शत प्रतिशत बालकों की भागीदारी उसमें रहती है, इसी कारण से संस्था प्रधान द्वारा दो अवकाश घोषित किए जाने का प्रावधान रखा गया हैं, इसमें कटौती किया जाना समझ से परे हैं।

बैठक में चर्चा हुई कि शिक्षा विभाग की ओर से इस प्रकार के गलत व अव्यावहारिक निर्णय लेने से सरकार की छवि भी धूमिल हुई है। प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि विभिन्न प्रकार के अवकाशों में की गई कटौती को तत्काल दूर कर शिविरा कैलेंडर में संशोधन की मांग को लेकर संगठन ने आंदोलन की घोषणा की है।

आंदोलन के विभिन्न चरणों में 7 अप्रैल को सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे, 8 अप्रैल को उपशाखा स्तर से उपखंड अधिकारी व 20 अप्रैल को जिला स्तर से जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल शिक्षक रैली निकाली जाएगी।

# ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026: निवेशकों को आकर्षित करने देशभर में रोड शो, 23-25 मई को जयपुर में होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार के कृषि विभाग द्वारा आयोजित होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 के सफल आयोजन और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए देशभर के प्रमुख शहरों में रोडशो आयोजित किए जाएंगे। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन 23 से 25 मई 2026 तक जयपुर में आयोजित होगा। रोडशो की शुरुआत 10 अप्रैल को जयपुर से होगी, इसके बाद 17 अप्रैल को नई दिल्ली, 24 अप्रैल को अहमदाबाद, 6 मई को हैदराबाद और 8 मई को पुणे में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन रोडशो के माध्यम से निवेशकों, एग्रीटेक कंपनियों, स्टार्टअप्स, शोध संस्थानों और कृषि क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को 'ग्राम-2026' में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल ने बताया कि ये रोडशो राजस्थान को कृषि निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। इनके माध्यम से राज्य की कृषि संभावनाओं, आधुनिक तकनीकों और निवेश के अवसरों की जानकारी देश-विदेश के निवेशकों तक पहुंचाई जा रही है। रोडशो में प्रतिभागियों को आयोजन के दौरान होने वाले तकनीकी सत्र, कार्यशालाएं, प्रदर्शनी, स्मार्ट फार्म, पशु प्रदर्शनी, बी2बी एवं बी2जी मीटिंग्स और निवेश संवाद की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 'ग्राम-2026' एक अंतरराष्ट्रीय एग्रीटेक मंच है, जिसमें देश-विदेश के निवेशक, एग्री-उद्यमी, शोधकर्ता, नीति निर्माता और किसान भाग लेंगे। इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम में हजारों किसानों, सैकड़ों प्रदर्शकों और अनेक देशों की कंपनियों की भागीदारी रही थी। इस बार भी आयोजन के जरिए कृषि क्षेत्र में नवाचार, निवेश और साझेदारी को बढ़ावा देने के साथ किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा।

# आमेर में शैक्षिक महासंघ की खंड बैठक में कार्यकर्ता प्रशिक्षण पर जोर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/आमेर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) खंड आमेर की खंड बैठक व कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन मानपुरा में आयोजित किया गया। बैठक में विभिन्न शैक्षिक व संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला सभाध्यक्ष मदन कुमार मीणा ने अपने विचार प्रकट करते हुए संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी व आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर आमेर सीबीईओ रामचंद्र जाट ने भी शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार व समन्वय पर अपने सुझाव रखे। खंड अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने संगठनात्मक एकता और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी पर अपने विचार साझा किए, वहीं खंड मंत्री रोनित यादव ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पर्यवेक्षक हरफूल सारण ने उद्बोधन में संगठन की कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका मजबूत करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। बैठक में नव संवत्सर कार्यक्रम की समीक्षा, सदस्यता अभियान 2026-27 की कार्ययोजना, खंड स्तर पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण के क्रियान्वयन, समरसता दिवस की तैयारी, प्रवेशोत्सव एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम सहित अन्य आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान कोषाध्यक्ष सीएम जाट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद जांगिड, उपाध्यक्ष सुरेश गुर्जर, मूलचंद मीणा, अशोक शर्मा, कैलाश चौधरी, नरेंद्र मीणा, अभय कुमार चुलेट, ममता मीणा,रेखा कुमारी,मंजू कुमारी, लोकेश मुवाल, कैलाश चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भागवत श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति संभव: शास्त्री

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर रोड स्थित निजी गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत का श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से मनुष्य जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान तपेंद्र सिंह राजावत एवं धर्मपत्नी भाविका कंवर ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में सराबोर हो उठे। पूरा वातावरण 'राधे-राधे' व 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से गुंजायमान रहा। विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने बताया कि सात



दिवसीय इस महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी ने अतिथियों का दुपट्टा व राधे-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ.सीताराम कुमावत,एडवोकेट मुकेश शर्मा, भीम सिंह राजावत, प्रेम सिंह सोलंकी, भंवरलाल सैनी, ईश्वर सैनी सहित अनेक नागरिक, धर्मप्रेमी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भंसाली परिवार ने किया केसरी नंदन का दुग्धाभिषेक

**नरैना(निसं)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नरैना मूल के इंदौर निवासी मुकेश भंसाली ने अपने परिजनों के साथ स्कूल के पास स्थित श्री दड़े वाले बालाजी का पंडित के मंत्रोच्चारण से दुग्धाभिषेक व पंचामृत से स्नान कराने के बाद सिंदूर का चोला चढ़ाकर सुगंधित फूलों का गजरा पहनाकर केसरी नंदन का नयनाभिराम श्रृंगार किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भंसाली परिवार की तरफ से मंदिर की कृत्रिम फूलों से भव्य सजावट सहित मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। सांय आरती के पश्चात उपस्थित सैंकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान भंसाली परिवार के मुकेश भंसाली, मेहुल भंसाली, ब्रजेश भंसाली, राजेश गट्टानी, हेमंत गट्टानी, अनुज गट्टानी, लता गट्टानी, वीणा गट्टानी, मिताली गट्टानी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्मरण रहे कि श्री दड़े वाले बालाजी मंदिर का भव्य निर्माण भंसाली परिवार की ओर से करवाया गया है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
05 अप्रेल, 2026

## क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब बीरमी की टीम ने जीता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम कुहाड़ू का बास में बालाजी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षाविद हनुमान प्रसाद नेमीवाल के मुख्य अतिथि रहे। क्लब अध्यक्ष संजू चाहर ने बताया कि प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच बास कुहाड़ू व बीरमी के बीच खेला गया जिसमें पहले खेलते हुए बीरमी की टीम ने दस ओवर में 136 रन बनाकर बास कुहाड़ू पर दस रन से जीत हासिल की। विजेता टीम को इक्कीस सौ रुपए नगद व ट्राफ़ी तथा उपविजेता टीम को 11 सौ रुपए व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हनुमान प्रसाद नेमीवाल ने कहा कि खेलों से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक व चारित्रिक विकास होता है और व्यक्ति अनुशासन में रहना सीखता है जिससे वह राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदार बनता है अतः बच्चों व युवाओं को मैदानी खेल खेलते रहना चाहिए। इस अवसर पर बालाराम कटारिया, गिरधारी चाहर, गोवर्धन चाहर, इन्द्राज चाहर, सतपाल, पूर्णमल सैनी, जयराम सिगड़, सुनिल नेमीवाल, बनवारी रेवाड़, लक्ष्मण कटारिया, हनुमान कटारिया व रूपचंद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक, जल बचाने का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई की ओर से अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के प्रति किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चौधरी कुंआ के पास इकाई के बाबूलाल की ओर से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पानी बचाने के सरल उपायों की जानकारी दी गई और उन्हें जल संरक्षण का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि जल संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के अध्यापक व पवन सिंह का सराहनीय सहयोग रहा।

## विकास नाथ महाराज का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा की ओर से शुक्रवार को शेखावाटी के संत विकास नाथ महाराज के छापर आगमन पर स्वागत किया गया। कस्बे स्थित द ब्लैक बक्स रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक ने महाराज को माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। संत विकास नाथ महाराज ने कहा कि समाज में एकता, संस्कार और सेवा भाव को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान महाराज ने विश्व प्रसिद्ध ताल छापर अभयारण्य का भी भ्रमण किया। अभयारण्य में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों, काले हिरणों को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश बगड़िया, गोपाल सोनी, राम प्रजापत, आरआई कन्हैयालाल, राम लखन तूनवाल, सुभाष शर्मा, प्रियदर्शी प्रजापत, देवेन्द्र, बंटी पुजारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## टॉपर्स की रैली निकाल किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** स्थित सनातन धर्म पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में टॉपर्स बच्चों की रैली निकाली गई। मीठवास के हिमांशु ढाका और तानिया को घर जाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मंडावा के पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को विदा किया। ढाका का वास के संदीप की पुत्री मोनिका को



उच्च अंक प्राप्त करने पर गांव जाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त ईरम, गरिमा, हर्षित देवड़ा, मानसी मोदी, दीपक शर्मा, यशवी शर्मा मयंक यादव जो 95' से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को गाजे बाजे के साथ को माला और साफा पहनकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण करवाया गया। जगह-जगह अभिभावकों ने जूस, लड्डु पेड़े, शरबत नाश्ता आदि से स्वागत किया। इस अवसर पर अशोक दूगड़,प्राचार्य डॉक्टर पुरोहित, स्कूल स्टाफ अभिभावक और बड़ी संख्या में मंडावा निवासी उपस्थित रहे।

# बिना वर्क ऑर्डर तोड़ा नाला, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर क्षेत्र में फैला गंदा पानी

### प्रशासन अनभिज्ञ, श्रद्धालु परेशान

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के समीप स्थित गंदे पानी की निकासी के लिए बना नाला इन दिनों विवादों में है। करीब दस दिनों पूर्व अज्ञात स्तर पर इस नाले को तोड़ दिया गया, जिसके चलते आसपास की गलियों में गंदा पानी भर गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि स्थानीय निवासियों के साथ-साथ मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी इसी दूषित पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाले के टूटने से जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है, जिससे क्षेत्र में बदबू और गंदगी फैल रही है। बरसात या पानी की अधिक निकासी के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। इससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम से नगरपालिका प्रशासन अनभिज्ञ बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, नाले के निर्माण या खुदाई को लेकर कोई भी आधिकारिक वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया था। ऐसे में बिना अनुमति सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आ रहा है, लेकिन अब तक जिम्मेदारों की पहचान नहीं हो सकी है। प्रशासनिक ढांचे में कमी भी इस अव्यवस्था का एक बड़ा कारण मानी जा रही है। नगरपालिका में कनिष्ठ अभियंता और अधिशाषी अधिकारी के पद लंबे समय से रिक्त हैं, जिससे कार्यों की निगरानी प्रभावित हो रही है। वर्तमान में रतनगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी सहदेव चारण को राजलदेसर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में सहदेव चारण ने बताया कि हाल ही में कार्यभार ग्रहण करने और बीच में अवकाश रहने के कारण मामला उनके संज्ञान में नहीं आ पाया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यालय खुलते ही पूरे मामले की जांच कर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाएगी। अब सवाल यह है कि बिना अनुमति नाला तोड़ने के इस मामले में प्रशासन सख्त कार्रवाई करता है या नहीं। फिलहाल, स्थानीय लोग और श्रद्धालु इस समस्या से जल्द निजात मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## बीदासर में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' को मिला समर्थन

### संत चंद्रमादास ने किया जनजागरण

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत शुक्रवार को बीदासर में अयोध्या के हनुमानगढ़ी से आए संत चंद्रमादास एवं अन्य साधु-संतों का प्रहलाद सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। नोखा-सीकर रोड स्थित सती माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संत चंद्रमादास ने अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए आमजन से संपर्क किया और अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान दिवस' के रूप में मनाने की अपील करते हुए गाय को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने तथा गौ हत्या पर सख्त कानून बनाने की मांग उठाई। संत चंद्रमादास ने कहा कि गौ माता को अभी तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया है और सरकार की दृष्टि में भी गौ संरक्षण को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र स्तर पर ऐसा कानून बनाने की आवश्यकता बताई जिसमें चारा नीति शामिल हो और गाय पालने वाले किसानों को सरकार की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार मोदी, कमल दुगड़, बजरंग दल अध्यक्ष शुभम जैन, पुजारी नरपत शर्मा, जवाहर सिंह राठौड़, भगत सिंह गौ सेवा समिति के अध्यक्ष नवरत्न जाट, गौ रक्षा दल अध्यक्ष अर्जुन सैन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रानी सती धाम में गूंजी राष्ट्र समृद्धि की प्रार्थनाः केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की पूजा-अर्चना

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** देश की समृद्धि, खुशहाली और नारी शक्ति के उत्थान की कामना के साथ भारत सरकार की केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झुंझुनूं प्रवास के दौरान प्रसिद्ध श्री रानी सती जी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर में केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। महेश बसावतिया ने शॉल व दुपट्टा ओढ़ाकर मंत्री का अभिनंदन किया और उन्हें रानी सती दादी का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु भी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से गोपाल नारसरिया,नवल दारूका सहित अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, मंदिर प्रशासनिक अधिकारी एच.सी. रोहिल्ला, सहायक अधिकारी विपुल छक्कड़, व्यवस्थापक लक्ष्मीकांत शर्मा डां डी, एन, तुल्सयान,और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व कार्यकर्ता शामिल रहे। मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्पष्ट किया कि भारत की संस्कृति में नारी को सदैव पूजनीय स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं को देश के विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए कई प्रभावी योजनाओं पर काम कर रहा है।

मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये केंद्र न केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का आधार हैं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। झुंझुनूं में केंद्रीय मंत्री का यह दौरा आस्था और विकास के समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा। रानी सती धाम में की गई पूजा-अर्चना ने जहां आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया, वहीं उनके संदेश ने समाज में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में नई प्रेरणा दी। यह दौरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समग्र विकास के संकल्प को भी मजबूती देने वाला साबित हुआ।

## आर्थिक समस्या के कारण विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहेः तेतरवाल

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, मंडावा में ऐ-सेट एवं रेजोनेट स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों के रूप में विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष हरिशंकर राहड़ व पूर्व प्रधानाचार्य बीरबल भूरिया उपस्थित रहे। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'आर्थिक समस्या के कारण कोई भी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा से वंचित न रहे, यही हमारा उद्देश्य है। स्कॉलरशिप परीक्षाओं के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाता है।' प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए परीक्षा की प्रक्रिया, चयन मानदंड एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा में टॉपर रहे तरंग (पुत्र विवेक कुमार, मुकुंदगढ़) को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं रचित, हिमांशु, प्रिंस खीचड़, ऋषभ जांगिड़, वरुण भार्गव, प्रियांशु, गौरव रिद्धि, नैंसी, वंशिका, अंशुल, प्रवीण, अंश सहारण, दीपिका कुमावत, आयुष कुमार व अभिषेक सहित अन्य कक्षा टॉपर्स को स्मार्ट वॉच प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में गोविन्द सोनी ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक व उत्साहवर्धक बताया।

## गजानंद मंदिर में रिद्धि-सिद्धि व हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना(निस)।** पाटन कस्बे के डाबला रोड पर स्थित भगवान गजानंद महाराज के मंदिर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का भव्य आयोजन देखने को मिला, जहां पंडित काशीनाथ वशिष्ठ व उनकी धर्मपत्नी संतोष देवी के सान्निध्य में रिद्धि-सिद्धि तथा हनुमान जी की प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करवाई गई। इस अवसर पर महेंद्रगढ़ (हरियाणा) से पधारे विद्वान पंडितों की ओर से देवी-देवताओं की चौकी स्थापित कर मंत्रोच्चारण के साथ तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। हवन-पूजन के साथ विधिवत अनुष्ठान पूर्ण करते हुए रिद्धि-सिद्धि व हनुमान जी महाराज की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।हवन में यजमान के रूप में पंडित काशीनाथ वशिष्ठ, उनकी धर्मपत्नी संतोष देवी, उनके पुत्र जितेंद्र कुमार, एडवोकेट ठाकुर दत्त, ललित कुमार, केदारनाथ, पवन कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार अपनी पत्नी सहित एवं पोत्र प्रणव कुमार उपस्थित रहे। सभी ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया।कार्यक्रम में कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। पंडित काशीनाथ वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में पूर्व में केवल भगवान गजानंद महाराज की प्रतिमा स्थापित थी, लेकिन अब उनके समीप माता रिद्धि और सिद्धि की प्रतिमाएं भी स्थापित कर दी गई हैं, जिससे मंदिर की धार्मिक महत्ता और भी बढ़ गई है।

## प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप ने जताया आलाकमान का आभार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं)।** भाजपा एस सी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता और नेता जयपुर प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को सुबह कृषि मंडी से रवाना हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी, भाजपा जिन्दाबाद और भजनलाल सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने नई जिम्मेदारी देने के लिए प्रदेश आलाकमान का आभार जताया और कहा कि मैं इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। वहीं जयपुर जाने वाले नेताओं में निवर्तमान पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज घासोलिया, हिमांशु भाटी, वीरेंद्र गहलोत, गंगाधर लाखन, राजेश सुंगत, जब्बार भुट्टा, विनोद खटीक, धनराज रनवा, रणवीर राणा, निवर्तमान पार्षद जितेंद्र सिंह, विनोद सामरिया, सलीम, दीनदयाल, रामधन फलवाडिया, दीपक बागड़ा, तिलोक गुरु, शाहिद खान, हरिशंकर, मुकेश गहलोत, मिलापचंद, रामचंद्र प्रजापत, रेवंतमल दर्जी, नरेंद्र गुर्जर, जावेद खींची, हबीब, महेंद्र कुमार वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता और नेताओं के नाम शामिल हैं।

## उप निरीक्षक-प्लाटुन कंमाडर परीक्षा आज व कल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में रविवार व सोमवार को जिला मुख्यालय व रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से आयोजित उप निरीक्षक / प्लाटून कंमाडर परीक्षा होगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में शनिवार को सभी उप समन्वयकों की ओर से अपने आवंटित परीक्षा केंद्र का भ्रमण किया गया व परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं के संतोषजनक होने का प्रमाण-पत्र संबधित केंद्राधीक्षकों से प्राप्त किया। उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर परीक्षा चूरू जिला मुख्यालय पर 21 तथा रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर 09 परीक्षा केंद्रों पर 05 व 06 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रथम पारी में प्रातः 11 से 01 बजे तक और द्वितीय पारी में शाम 03 से 05 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान 05 अप्रेल को प्रत्येक पारी में जिले में 8920 व 06 अप्रैल को 8919 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा में परीक्षार्थी ब्लू पैन, प्रवेश-पत्र मय उपस्थिति पत्रक, मूल फोटो युक्त आईडी व रंगीन फोटो के साथ आधे आस्तीन की शर्ट, पतलून व महिला परीक्षार्थी सलवार-कुर्ता व साड़ी पहन कर प्रवेश अनुमत होगा। किसी भी प्रकार के आभूषण अनुमत नहीं होंगे। पतली कांच या लाख की चूड़ियाँ पहन सकती है। किसी प्रकार का मेटल से जुड़ी सामग्री अनुमत नहीं होगी। चश्मों पर विशेष नजर रहेगी व गहनता से जांच होगी। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को गहन सुरक्षा के बाद प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश द्वार पर हैंडहेल्ड मशीन द्वारा परीक्षार्थी की जांच होगी।

# सरदारशहर पुलिस का बड़ा एक्शन, 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### रोहित गौदारा गैंग का सक्रिय सदस्य को दबोचा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात रोहित गौदारा गैंग के सक्रिय सदस्य और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को गुजरात के उमरगांव से पकड़कर बड़ी कामयाबी हासिल की। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार के निर्देशन व पुलिस उप अधीक्षक सरदारशहर कुलदीप वालिया के सुपरविजन में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम के सदस्य हिम्मत सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सरदारशहर वांछित आरोपी सुभाष सारण उर्फ भाला उम्र 25 वर्ष निवासी रामसीसर भेडवालिया तथा दिनेश उम्र 19 वर्ष निवासी भावनदेसर रतनगढ़ की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और खुफिया सूचना के आधार पर राजस्थान से लेकर सूरत, वापी, दमन और गुजरात तक लगातार दबिश दी। अंततः पुलिस टीम ने गुजरात के उमरगांव से दोनों आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सुभाष सारण उर्फ भाला कुख्यात रोहित गौदारा गैंग का सक्रिय सदस्य है और कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर और पहचान छिपाकर फरार चल रहा था। गैंग के लिए सक्रिय रूप से अपराधों को अंजाम दे रहा था।उसके खिलाफ फिरौती की मांग, हत्या के प्रयास, मारपीट सहित कई गंभीर धाराओं में पूर्व से मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में उसके अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की संभावना जताई गई है। पुलिस उससे गहन पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी जुटा रही है।

### आरोपी के खिलाफ दर्ज प्रमुख मामलेः

पुलिस थाना सरदारशहर- आर्म्स एक्ट व अन्य धाराएं, कुचामन सिटी जिला नागौर- बीएनएस व आईटी एक्ट के तहत मामला, फरीदाबाद- सेंट्रल सेक्टर-12- आर्म्स एक्ट व अन्य गंभीर धाराएं, सरदारशहर- हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। पुलिस टीम में हिम्मत सिंह उप निरीक्षक, शिव कुमार कांस्टेबल, विनोद कुमार कांस्टेबल आदि शामिल रहे। इस सफल कार्रवाई में हिम्मत सिंह का विशेष योगदान रहा हैं। जानकारी दी गई और उन्हें जल संरक्षण का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि जल संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के अध्यापक व पवन सिंह का सराहनीय सहयोग रहा ।

# मनिया में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

## 41 झांकियों और 15 बैंड के साथ निकली भव्य हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** कस्बे मनिया में हनुमान जयंती के अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा कस्बा हनुमानमय नजर आया और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ थाने के पीछे स्थित गोविंद बगीची हनुमान मंदिर से हुआ, जहां मंदिर के पुजारी एवं कमेटी सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद शोभायात्रा अध्यक्ष विजेंद्र सोनी उर्फ चुन्नू सोनी ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में 41 आकर्षक झांकियां और 15 बैंड-बाजे शामिल रहे। ढोल-नगाड़ों और हनुमान भजनों की धुन पर भक्त पूरे जोश के साथ नाचते-गाते नजर आए। आगरा, मुरैना, मैनपुरी, एटा, धौलपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### मुख्य मार्गों से होकर निकली शोभायात्राः

कमेटी सदस्य हरेश सोनी के अनुसार शोभायात्रा गोविंद बगीची हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बर मोहल्ला, अंबेडकर पार्क, जीटी रोड, मांगरोल रोड, मैन बाजार, नेहरू पार्क होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। सर्वधर्म एकता की झलक शोभायात्रा में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जैकी बंसल ने बताया कि जगह-जगह विभिन्न समाजों की ओर से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज की ओर से पुष्प वर्षा कर तथा कोल्डड्रिंक वितरित कर भाईचारे का संदेश दिया गया। इसके साथ ही भामाशाहों द्वारा साफा, पूरी-सब्जी, ठंडाई, प्रसाद (बूंदी) आदि की भी व्यापक व्यवस्था की गई।

### भगवा पताकाओं से सजा पूरा कस्बाः

कोषाध्यक्ष संतोष सिंघल ने बताया कि पूरे मनिया कस्बे को भगवा पताकाओं और झालरों से सजाया गया था। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया, जिससे आयोजन भव्य और सफल रहा।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस मौके पर हरेंद्र सोनी, अंकुर वर्मा, राहुल वर्मा, रामजीलाल सोनी, विजय बंसल, अजय बंसल, सुरेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र सोनी, हितेंद्र सोनी, शेखर सोनी, गोविंद लोधी, दीना लोधी, घनश्याम शर्मा, डॉ. दीपक बंसल, जितेश बंसल, सुरेंद्र सोनी, मनोज मंगल, हेमकिशोर कोली, राकेश शर्मा, बबलू शर्मा, बनवारी, सोनू गोयल, रामनिवास गुप्ता, राधे सोनी, अविनाश सोनी, विनोद सोनी, अंकित सिंघल, बड़े सोनी, जैकी बंसल, राजू प्रजापति, मुनेश सिंघल, अंकित सोनी, अशोक बंसल, केदार पोसवाल, दिनेश शर्मा, लटूरचंद त्यागी, सुशील शर्मा, अमित गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र शर्मा ने किया।

# भोपतपुरा विद्यालय में छात्राओं को साइकिल वितरण



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** भोपतपुरा राउमा विद्यालय में दिशा बंजारा पुत्री महेश बंजारा की स्मृति में ऊंकार लाल बंजारा की ओर से भेंट किए गए वाटर कूलर, सरकारी ट्यूबवेल का उद्घाटन और साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 की 29 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। विशिष्ट अतिथि पं.स. सदस्य अभिषेक सर्वा, भामाशाह ऊंकार लाल बंजारा, विजेश बंजारा, जगदीश शर्मा, प्रधानाचार्य देवीशंकर वर्मा, उपप्रधानाचार्य नवल कुमार, डॉ. सत्यप्रकाश सैन समेत कई लोग मौजूद रहे। साथ ही वर्षा बंजारा पुत्री विजेश बंजारा को 88 ' अंक लाने पर अतिथियों ने माला पहनाकर अभिनंदन किया।

# सरकारी स्कूल टॉप करने पर छात्रा का भव्य स्वागत




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेखूपुर (सागर पाड़ा) में स्कूल मे एक छात्रा की ओर से स्कूल टॉप करने पर स्कूल स्टाफ की ओर से छात्रा का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया की छात्रा श्वेता पुत्री भानु प्रताप मौर्य ने कड़ी मेहनत कर 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं कला वर्ग में 7 विद्यार्थी थे जो सभी पास हुए हैं। स्कूल मे स्टॉफ कि कमी होने पर भी छात्राएं पास हुई है। इस दौरान छात्रा का माल व साफा पहनकर भव्य स्वागत किया गया अन्य छात्रों को उत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूल स्टाफ ने सागर पाड़ा मोहल्ले में पास हुई छात्राओं के साथ रैली निकाली। सागर पाड़ा मोहल्ले के लोगों ने छात्राओं का भव्य स्वागत किया।

# परमात्मा के व्यक्त रूप की आराधना सर्वोत्तमः गीता स्वाध्याय में दिए प्रेरक संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 'घर-घर गीता प्रचार' अभियान के तहत स्व. मनोज ऋषीश्वर की द्वितीय पुण्यतिथि पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम् की ओर से गीता स्वाध्याय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। स्वाध्याय में शिक्षिका खुशबू शर्मा व बालिकाओं ने सामूहिक वाचन किया। वक्ताओं ने जीवन में निरंतर प्रयास, सत्य के महत्व और निष्काम कर्म का संदेश दिया। ज्ञानेंद्र सिंह ने गीता के भक्ति योग की व्याख्या करते हुए कहा कि परमात्मा के व्यक्त रूप की उपासना सरल व अधिक फलदायी है तथा सद्गुरु को जीवन का सारथी बनाना ही मुक्ति का मार्ग है। अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दिनेश मीणा बने भाजपा प्रदेश मंत्री



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में संगठनात्मक विस्तार के बीच बड़ी नियुक्ति सामने आई है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार घोषित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की नई कार्यकारिणी में सुमेरपुर के सक्रिय नेता दिनेश मीणा को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। इस नियुक्ति के साथ ही सुमेरपुर क्षेत्र में उत्साह की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं और मीणा समाज में खुशी का माहौल बन गया, जगह-जगह मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के प्रति दिनेश मीणा की निष्ठा और मेहनत का परिणाम बताया।

# 16 वरिष्ठ नागरिक दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में चित्तौड़गढ़ पहुंचे

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन चार व पांच अप्रैल को चितौड़गढ़ में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें जालौर जिले के सोलह वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी सहभागिता निभाएंगे। जिसका मुख्य विषय प्रदेश स्तरीय सम्मलेन में नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान सरकार व समाज का दायित्व रखा गया है। जालौर जिले के पूर्व नामांकित सोलह पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल चार अप्रैल को प्रातः नौ बजे चितौड़गढ़ के लिए रवाना हुआ। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों का नागरिक बैंक के चेयरमैन मोहन पारासर ने माल्यार्पण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में विचार गोष्ठियां, अनुभव साझा, स्वास्थ्य और कल्याण विषयक चर्चाएं तथा सामाजिक जागरूकता कार्यकम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही सत्र 2026-27 की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव भी सम्पन्न होंगे, जिसमें जालोर जिले के चार पदाधिकारी मतदान में भाग ले सकेंगे। इस कार्यकम में बीएल सुथार, ऋषि कुमार दवे, अर्जुनसिंह चौहान, ललित कुमार दवे, नारायणलाल भट्ट , देवेन्द्रकुमार नाग, शांतिलाल सोनी, अम्बालाल सुन्देशा, सूरज प्रकाश व्यास, सांवलचंद माली, एमआर चौहान, पदमाराम माली, कानाराम प्रजापत, उम्मेदमल सुथार, पुखराज शर्मा ने भाग लिया। अंत में नागरिक बैंक के चेयरमैन मोहन पाराशर व नूर मोहम्मद ने बधाई व शुभ कामनाएं देकर आभार जताया।

# सुमेरपुर, सांडेराव व तख्तगढ़ में एमएसपी पर गेहूं खरीद शुरू

## कैबिनेट मंत्री कुमावत ने किया शुभारंभ

## किसानों को मिलेगा 2735 प्रति क्विंटल



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए राहतभरी खबर है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की ओर से सुमेरपुर, सांडेराव व तख्तगढ़ में शनिवार से समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद की शुरुआत कर दी गई। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने विधिवत पूजा-अर्चना कर तीनों केंद्रों का शुभारंभ किया। मंत्री कुमावत ने बताया कि इस वर्ष किसानों को गेहूं पर 2735 प्रति क्विंटल का भुगतान मिलेगा, जिसमें केंद्र का 2585 एमएसपी और राज्य सरकार का 150 बोनस शामिल है। सांडेराव में पहली बार एफसीआई खरीद केंद्र शुरू किया गया है, जबकि तख्तगढ़ में लगातार दूसरे वर्ष खरीद होगी। तीनों केंद्रों पर 5-5 हजार बारदान उपलब्ध कराए गए हैं तथा खरीद 30 जून 2026 तक जारी रहेगी। किसानों को गेहूं बेचने के लिए राज किसान पोर्टल पर 25 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। भुगतान सीधे जनआधार से जुड़े बैंक खाते में किया जाएगा। इस दौरान मंत्री ने किसानों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और हरसंभव समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, किसान संगठनों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियानः कांग्रेस ने बूथ स्तर तक मजबूती पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत धौलपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक विधायक शोभा रानी कुशवाहा के कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष व विधायक संजय कुमार, हुक्म मीणा, साकेत बिहारी शर्मा, कमल कंसाना सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार स्थानीय निकाय व पंचायत चुनाव टालकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। साथ ही कार्यकर्ताओं से 14 अप्रैल से पहले मंडल व ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार कर कार्यकारिणी गठित करने का आह्वान किया। विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर जनता के मुद्दों—महंगाई, बेरोजगारी व स्थानीय समस्याओं—पर संवाद बढ़ाया जाएगा। साथ ही युवाओं व महिलाओं को जोड़ने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अन्य नेताओं ने भी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन धनेश जैन ने किया।

# ऑपरेशन 'त्रिनेत्र' से अपराधियों पर शिकंजाः धौलपुर में हर गली-चौराहे पर लगेंगे सीसीटीवी

## पुलिस ने शुरू किया जनजागरूकता अभियान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत व्यापारियों, संस्थाओं और आमजन को अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिन्हें भविष्य में अभय कमांड सेंटर से भी जोड़ा जाएगा। यह अभियान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी वृत्ताधिकारी और थानाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापारियों एवं विभिन्न संगठनों के साथ बैठकें कर इस अभियान को गति दे रहे हैं।

### हर गतिविधि पर रहेगी नजर

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराधों की रोकथाम करना है। कैमरों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा सकेगी, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

### जांच में भी मिल रही मदद

जिले के कई प्रमुख चौराहों, होटल-ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पहले से लगे सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को कई मामलों की जांच में सफलता मिली है। इससे न केवल अपराधों की संभावना कम हुई है, बल्कि घटना के बाद साक्ष्य जुटाने में भी आसानी हुई है।

### जनसहभागिता पर विशेष जोर

अभियान के तहत पुलिस द्वारा आमजन और व्यापारियों से अपील की जा रही है कि वे अपने मोहल्लों, बाजारों, मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने में सहयोग करें। पुलिस का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही क्षेत्र को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

### अभय कमांड सेंटर से जुड़ेंगे कैमरे

भविष्य में लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों को अभय कमांड सेंटर से जोड़ने की योजना है, जिससे पूरे जिले की निगरानी एक ही प्लेटफॉर्म से की जा सकेगी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव होगी।

# धौलपुर के राज बहादुर मीणा बने प्रदेश महामंत्री

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर के निर्देश अनुसार राजस्थान प्रदेश की अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा हुई मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने बताया कि धौलपुर जिले के राजबहादुर मीणा को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। राज बहादुर मीणा ने प्रदेश मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा गोपीचंद मीणा एवं जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का आभार व्यक्त किया, राज बहादुर मीणा के अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, मध्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज सिंह मलिंगा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन बघेल, विशेष आमंत्रित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण कुमार वर्मा, पूर्व विधायक सुखराम कोली, राजाखेड़ा विधानसभा प्रत्याशी नीरज शर्मा, पूर्व विधायक रानी कोली, पूर्व जिला प्रमुख पंडित किशनचंद शर्मा, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिसंबर दयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा आदि लोगों ने बधाई दी।



**नाम परिवर्तन**

मैं शारदा देवी पत्नी विनोद कुमार जाति स्वामी निवासी राजलदेसर की हूं। मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम शारदा देवी जन्म दिनांक 1/1/1987 है।मेरी दशवी की अंकतालिका में भुलवंश मेरा नाम शारदा कुमारी जन्म दिनांक 5/2/1998 अंकित हो गई।भविष्य में मुझे शारदा देवी पत्नी विनोद कुमार जाति स्वामी जन्म दिनांक 1/1/1987 से पहचाना जाने।

शारदा देवी पत्नी विनोद कुमार स्वामी निवासी राजलदेसर चुरू राज.

# ओवरलोड ट्रैक्टर फिर बना यमदूतः महिला की ली जान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा क्षेत्र के ग्राम डौगरपुर निवासी पूनम पत्नी मुकेश निषाद निवासी डोंगरपुर जो मेला देखकर के अपने घर वापस आ रही थी कि सड़क पर राजकीय महाविद्यालय डौगरपुर के पास सामने से आ रहे ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ने पूनम को टक्कर मार दी जिससे उसकी तुरंत ही मौके पर मौत हो गई जिसके बाद शव को एक ट्रैक्टर में रखकर शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार अस्पताल राजाखेड़ा में लाकर के मोर्चरी में रखवाया गया तथा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने ड्राइवर को भी हिरासत में ले लिया है तथा ईटों के भरे ओवरलोड ट्रैक्टर को कब्जे पुलिस जप्त कर हाट मैदान चौकी पर रखवाया गया है। समाचार लिखे जाने तक शब के पंचायत नामा की कार्रवाई जारी है और पोस्टमार्टम का होने के बाद सब परिजनों के सुपर्द किया जावेगा पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही जारी है

# सुमेरपुर में करोड़ों के जल संसाधन कार्यों का शिलान्यास आज

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** क्षेत्र में जल संसाधन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास आज रविवार, 5 अप्रेल को किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधीन स्वीकृत इन कार्यों का शिलान्यास पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक जोराराम कुमावत करेंगे। कार्यालय अधीक्षण अभियंता राज भवराय जवाई नहर खंड सुमेरपुर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत स्वीकृत कार्यों में ग्राम चाणोद स्थित बांध के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य पर 5.25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस कार्य का शिलान्यास प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इसी क्रम में ग्राम देवतरा (पंचायत समिति सुमेरपुर) स्थित सितोला एनीकट के मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य पर 4 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसका शिलान्यास अपराह्न 3 बजे निर्धारित है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल संरक्षण को मजबूती मिलेगी, साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। लंबे समय से मरम्मत की बाट जोह रहे इन संरचनाओं के जीर्णोद्धार से ग्रामीणों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने इन कार्यों को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। वहीं, प्रशासन ने आमजन से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
05 अप्रैल, 2026

## हाईकोर्ट जज सुनील बेनीवाल ने सालासर बालाजी के किए दर्शन, प्रदेश की खुशहाली की कामना



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** जोधपुर हाईकोर्ट के जज सुनील बेनीवाल ने अपने परिवार सहित सालासर धाम पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। सालासर पहुंचने पर हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, यशोदानंदन पुजारी, मनोज पुजारी, कमल किशोर पुजारी, जीतमल शर्मा, गोपाल ढाका, मनोहर लाल राव सहित अन्य पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं ने जज बेनीवाल का स्वागत किया। इस दौरान उन्हें बालाजी महाराज का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दर्शन के पश्चात जज सुनील बेनीवाल ने कहा कि सालासर बालाजी धाम में आकर ऐसा अनुभव होता है मानो स्वयं बालाजी महाराज के साक्षात दर्शन हो रहे हों। उन्होंने कहा कि यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा और आस्था का वातावरण मन को शांति प्रदान करता है। उन्होंने भगवान बालाजी से प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और भक्तों ने श्रद्धाभाव के साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एनर्जी मिक्स से करें ऊर्जा की दीर्घकालिक मांग का समुचित प्रबंधन- केन्द्रीय विद्युत सचिव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर( कास.)**केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न ऊर्जा स्रोतों के मिश्रण (एनर्जी मिक्स) पर आधारित परियोजनाओं को गति देने के निर्देश प्रदेश के विद्युत निगमों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय एवं गैर नवीकरणीय स्रोतों की बंडलिंग से राज्य में ऊर्जा की बढ़ती मांग का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। केन्द्रीय विद्युत सचिव शनिवार को विद्युत भवन में राज्य के एनर्जी सेक्टर से संबंधित विषयों पर ऊर्जा विभाग एवं विद्युत निगमों के वरिष्ठ अधिकारियों से फीडबैक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से विकेन्द्रित सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा मिला है। केन्द्रीय विद्युत सचिव ने कहा कि डिसेन्ट्रलाइज सोलर परियोजनाएं विकसित होने के बाद ग्रिड में उत्पादित सौर ऊर्जा के इंटीग्रेशन की चुनौती भी पैदा हो रही है। ऐसे में वितरण निगम ग्रिड स्थिरता की दिशा में स्वयं को बेहतर तरीके से तैयार करें। उन्होंने पीक ऑवर्स में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सहित अन्य परियोजनाओं को समय पर विकसित करने पर जोर दिया। केन्द्रीय विद्युत सचिव ने राज्य के 24 जिलों में कृषि क्षेत्र को दिन में सप्लाई, लॉस रिडक्शन, आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत स्मार्ट मीटर की प्रगति, रिसोर्स एडीक्वेसी प्लान आदि पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में ट्रांसमिशन परियोजनाओं के विस्तार, एसटीयू नेटवर्क पर नवीकरणीय ऊर्जा की कनेक्टिविटी आदि की भी जानकारी ली। इस अवसर पर रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन (आरईसी) के सीएमडी जितेन्द्र श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। ऊर्जा विभाग की शासन सचिव आरती डोगरा ने केन्द्रीय विद्युत सचिव को अवगत कराया कि पीएम कुसुम में अब तक करीब 3800 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं। उन्होंने जयपुर, अजमेर एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा लॉस रिडक्शन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सिहाग, उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी ने भी केन्द्रीय सचिव को संबंधित विषयों से अवगत कराया। इस दौरान केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव (वितरण) शशांक मिश्रा सहित केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## गूलर बांध के पुनरुद्धार कार्य का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर( कास.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा को मूर्त रूप देने की दिशा में जल संसाधन विभाग ने ठोस पहल शुरू कर दी है। जयपुर शहर की द्रव्यवती नदी पर स्थित सांगानेर का गूलर बांध को पुनर्जीवित किया जा रहा है। बांध के सौंदर्यीकरण, नवीनीकरण एवं पर्यटन विकास के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत के निर्देशन में विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर कार्यादेश जारी कर दिया है। विभाग के मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव भुवन भास्कर ने गूलर बांध का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश खतानिया, अधीक्षण अभियंता श्री रमाशंकर एवं अधिशासी अभियंता अनिल थालौर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने और दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। निरीक्षण में बांध के ओवरफ्लो स्ट्रक्चर की स्थिति अत्यंत खराब होने की स्थिति में उन्होंने इस संरचना के तकनीकी पुन:डिजाइन और नए निर्माण के निर्देश दिए।

# वर्दी के पीछे धड़कता इंसानियत का दिल- जयपुर पुलिस के दो चेहरे, दो प्रेरक किस्से

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** अक्सर पुलिस की छवि सख्ती और अनुशासन तक सीमित समझी जाती है, लेकिन शहर में सामने आई दो घटनाओं ने यह साबित कर दिया कि वर्दी के पीछे एक संवेदनशील दिल भी धड़कता है—जो रिश्ते भी बचाता है और जिंदगी भी। इंस्पेक्टर गुंजन की 'असली कमाई': एक समझाइश ने जोड़े रिश्ते, हर साल मिलता है प्यार जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय के पास एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जहां ड्यूटी के बीच महिला इंस्पेक्टर गुंजन सोनी का जन्मदिन सड़क किनारे सादगी से मनाया गया। पुलिस वाहन के बोनट पर रखा छोटा सा केक और आसपास खड़े जवान—यह नजारा जितना साधारण दिखा, उसकी कहानी उतनी ही भावुक थी। दरअसल, केक लाने वाला एक दंपती था, जिसकी जिंदगी कभी बिखरने की कगार पर थी। अलवर में पोस्टिंग के दौरान इंस्पेक्टर गुंजन सोनी ने धैर्य, समझ और संवेदनशीलता से उनके रिश्ते को टूटने से बचाया था। उसी एहसान को याद रखते हुए



यह दंपती हर साल उनके जन्मदिन पर केक लेकर पहुंचता है। ड्यूटी के बीच मनाया यह जन्मदिन सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस 'असली कमाई' का प्रतीक था, जो इंसान लोगों के दिलों में जगह बनाकर कमाता है।

### देवदूत बने पुलिसकर्मी- करंट के बीच से खींच लाई एक जिंदगी

शहर के ब्रह्मपुरी इलाके में शुक्रवार शाम तेज अंधड़ और बारिश के बीच एक टीन शेड गिरने से महिला मलबे में दब गई। चारों ओर टूटे बिजली के तारों में दौड़ते करंट ने हालात और भयावह बना दिए। कोई भी आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। ऐसे खतरनाक हालात में मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल भागीरथ और चालक हंसराज ने बिना अपनी जान की परवाह किए राहत कार्य शुरू किया। करंट से भरे तारों के बीच मलबा हटाते हुए उन्होंने महिला तक पहुंच बनाई और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद घायल महिला को तुरंत एसएमएस हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है और वह सुरक्षित बताई जा रही है।

### जब जिम्मेदारी बन जाती है इंसानियत:

ये दोनों घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर वह रिश्तों को जोड़ने और जिंदगी बचाने का काम भी करती है। जब हालात कठिन होते हैं और लोग पीछे हट जाते हैं, तब यही वर्दीधारी आगे बढ़कर इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं—और यही उन्हें खास बनाता है।

### एक मशीन पर सैकड़ों किसान निर्भर:

## सरदारशहर मंडी में सरसों टेस्टिंग के लिए 4 घंटे तक कतार, किसान परेशान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** रबी सीजन में सरसों की कटाई के बाद अब किसानों को अपनी उपज की लैब टेस्टिंग के लिए भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कृषि उपज मंडी सरदारशहर की लैब में मात्र एक ही मशीन होने के कारण पिछले 8-10 दिनों से किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं, जहां उन्हें 3 से 4 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। भींवसर गांव के किसान गोविंद बराला ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले किसानों को पहले लंबा सफर तय करना पड़ता है और मंडी पहुंचने के बाद घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में सरसों की खेती होती है, ऐसे में मंडी प्रशासन को पर्याप्त मशीनों की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। मंडी में टेस्टिंग कार्य कर रही कर्मचारी प्रियंका सैनी ने बताया कि प्रत्येक किसान अपनी फसल के तीन सैंपल लेकर आता है। एक सैंपल की जांच में करीब एक मिनट का समय लगता है, जिसमें 100 से 150 ग्राम सरसों मशीन में डालकर उसकी गुणवत्ता—नमी, तेल की मात्रा और प्रोटीन—की जांच की जाती है। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर किसानों को दे दी जाती है। इसके लिए प्रति किसान 30 रुपए शुल्क लिया जाता है। उन्होंने बताया कि एक ही मशीन होने और किसानों की संख्या अधिक होने के कारण भीड़ बढ़ जाती है, खासकर कटाई के सीजन में। सामान्य दिनों में इतनी भीड़ नहीं रहती, लेकिन इस समय किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि लैब में आधुनिक मशीन से सटीक जांच होने के कारण उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल पाता है, लेकिन सीमित संसाधनों के चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों ने मांग की है कि मंडी में अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएं, ताकि समय पर जांच हो सके और उन्हें घंटों कतार में न लगना पड़े।

## पीसीबी स्कूल में होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भामाशाह व सेवानिवृत्त अध्यापिका कौशल्या गुलेरिया रहीं। जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ शर्मिला सोनी, टीम हारे के सहारा के श्यामसुंदर स्वर्णकार व उप प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा व पवन तोदी मंचस्थ रहे। विद्यालय की छात्रा रूपा कोचर ने कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वही आदिल खिलजी ने 92.60, सोनू लोरा ने 87.80, धवल गौड़ ने 87 प्रतिशत, कविता जाखड़ 82.40प्रतिशत, राधेश्याम 79.60 प्रतिशत, रामस्वरूप 77 प्रतिशत, अंकिता प्रजापत 77 प्रतिशत व लक्की खत्री ने 78.50 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व परिजनों का नाम रोशन किया है। समारोह में सभी होनहार विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा प्रशस्ति पत्र, डॉक्यूमेंट फाइल, मोमेंटो व स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। कौशल्या गुलेरिया की ओर से 17 विद्यार्थियों को 500 रुपये प्रति छात्र देकर सम्मानित किया गया। विभा सोनी, डॉ शर्मिला सोनी व श्यामसुंदर स्वर्णकार ने भी विद्यार्थियों को अपनी ओर से पुरुस्कार प्रदान किया। इस दौरान शहर के मुख्य मार्गो से डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें छात्र छात्राएं व स्कूल स्टाफ ने जमकर डांस किया। इस अवसर पर अभिभावकों सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एकता मीणा ने किया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह महरिया ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों और स्टाफ स्टाफ सदस्यों के शुभकामनाएं दीं। विज्ञान में वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 3100, 2100, 1100, कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1100, कक्षा 5 में प्रथम चार विद्यार्थियों को 2000रू. विभा सोनी की ओर से 1000 पुरुषोत्तम व मुकेश कुमार की ओर 1000 रु इन्हें अध्यापन करवाने वाले अध्यापकों ने नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की।रही और भक्तों ने श्रद्धाभाव के साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सांसद चौधरी ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर दिए आवश्यक निर्देश, विभिन्न योजनाओं में प्रगति लायें - चौधरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर( कास.)** पाली जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को पाली जिला परिषद सभागार में पाली लोकसभा सांसद पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा सांसद चौधरी ने विभिन्न केन्द्र प्रर्वतित योजनाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मिलकर विकास कार्यो को गति दे रहे है। सांसद चौधरी ने बैठक में विभिन्न विभागीय कार्यों योजनाओ की जानकारी ली और प्रगति लाने, बकाया कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अवसर पर बैठक में विभिन्न विभागों के ऐजेंडावार बिन्दुओं पर बारी-बारी से चर्चा की व गत बैठक की पालना रिपोर्ट प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर सांसद ने प्रमुख विभागों जिनमें सार्वजनिक निर्माण विभाग सडक मरम्मत निर्माण की स्थिति, पीएमजेएसवाई, अटल पथ के कार्य गांरटी पीरीयड सड़को, एनएच व एनएचएआई के बकाया कार्यों को पूर्ण करने के लिये व इसी प्रकार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों की प्रगति आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल, जेजेएम, रोहट सोजत में पेयजल व्यवस्था खिंवाडा नदी पुलिया, रामपुरा में पाईपलाईन, रोड कटिंग, अवैध जल कनेक्शन हटाने के बारे में निर्देश दिये। बैठक




में उन्होंने बिजली विभाग को पीएम कुसुम योजना ,सूर्य घर योजना, गर्मी में बिजली व्यवस्था के बारे में झूलते तारों व पोल को ठीक करना, इसी प्रकार चिकित्सा विभाग में निर्माणाधीन मेडिकल व नर्सिंग कालेज के बारे में वयवंदन योजना, बांगड़ अस्पताल की व्यवस्थाओं, आक्सीजन उपलब्धता, मेडिकल उपकरणों के बारे में व जल संसाधन विभाग में बांध की स्थिति व जल उपलब्धता व अन्य योजनाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही जिले में रामसेतु की गिलहरी अभियान, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना की प्रगति को जाना। सांसद चौधरी ने बैठक में शिक्षा विभाग को जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत प्रस्ताव पर चर्चा की एवं मिड डे मील, समग्र शिक्षा, बकाया विधालयों को आधारभूत संरचनाओं से जोड़ने, खेल मैदानों के प्रस्तावों के बारे में निर्देश दिये।

## *राठौड़ का जन्मदिन बनेगा 'शौर्य दिवस': चूरू में जुटेंगे भाजपा के दिग्गज, ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी तेज*

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस को इस वर्ष 'शौर्य दिवस' के रूप में भव्य रूप से मनाया जाएगा। आगामी 21 अप्रैल को चूरू स्थित लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह खेल स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश और केंद्र स्तर के कई बड़े नेता भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर सहित कई केंद्रीय एवं राज्य मंत्री, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### बैठक में बनी रूपरेखा, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां:

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार शाम राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर चूरू नगरमंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत एवं धर्मेंद्र राकसिया ने की। बैठक में विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय शर्मा, मुरलीधर शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राजेन्द्र राठौड़ पिछले लगभग





40 वर्षों से निरंतर जनसेवा में लगे हुए हैं। उनका जीवन आमजन के सुख-दुख में सहभागी बनने का उदाहरण है। ऐसे में उनका जन्मदिन 'शौर्य दिवस' के रूप में मनाना कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं सीताराम लुगरिया ने कहा कि राठौड़ का चूरू जिले के प्रत्येक परिवार से आत्मीय संबंध है, जिससे यह आयोजन जन-जन का उत्सव बनेगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए और जिम्मेदारियां संभाली। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह आयोजन केवल जन्मदिन समारोह नहीं होगा, बल्कि संगठन की एकजुटता और जनसमर्थन का भी बड़ा प्रदर्शन साबित होगा।

# आंधी-ओलों ने छीनी खुशियां: पककर तैयार फसल बर्बाद, किसानों के सपनों पर चला प्रकृति का कहर

जयपुर टाइम्स

**नोहर(निस.।** राजस्थान के नोहर और भानीपुरा तहसील क्षेत्र में अचानक आई तेज आंधी, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। चंद मिनटों में आए इस प्राकृतिक कहर ने दर्जनों गांवों में भारी तबाही मचा दी, जिससे खेतों में पककर तैयार खड़ी और कटाई के बाद रखी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। इस आपदा का सबसे अधिक असर ढाणी राईकान, सिरंगसर, जैतसीसर, सावर, साडासर, बरजांगसर, राणासर, जैतासर, बिजरासर, लूणासर, नाहरसरा, मालकसर, बादड़िया, रणसीसर और भींयासर सहित आसपास के कई गांवों में देखने को मिला। किसानों की छह महीने की मेहनत कुछ ही पलों में बर्बादी में बदल गई। तेज अंधड़ और ओलावृष्टि के



कारण खेतों में काटकर रखी गई सरसों, गेहूं और चने की फसल तिनके-तिनके की तरह बिखर गई। ईसबगोल की फसल पूरी तरह चौपट हो गई, जबकि खड़ी गेहूं की फसल तेज हवाओं से जमीन पर बिछ गई। प्रकृति का कहर इतना भीषण था कि गांवों में खेजड़ी, कींकर और झाड़ियों के बड़े-बड़े पेड़ जड़ों समेत उखड़कर गिर पड़े। ग्रामीणों के अनुसार, खेतों की पूरी सूरत ही बदल गई है।

### कर्ज और संकट के बीच मुआवजे की मांग:

इस आपदा के बाद किसान गहरे आर्थिक संकट में घिर गए हैं। बीज, खाद और कीटनाशकों के लिए लिया गया उधार चुकाना अब उनके लिए मुश्किल हो गया है। बृजलाल राईका, शिवनारायण मेघवाल और इन्द्राज जाखड़ सहित कई किसानों ने राज्य सरकार से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय पर सहायता नहीं मिली, तो कर्ज चुकाना और परिवार का भरण-पोषण करना असंभव हो जाएगा।

### सरकार से उम्मीदें:

आपदा की इस घड़ी में अन्नदाता सरकार की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। किसानों का कहना है कि प्रशासन तुरंत नुकसान का आंकलन कर राहत पैकेज घोषित करे, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें।

### *किसानों के टूटे अरमान, आंखों में आंसू:*

*यह नुकसान केवल फसल तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों के सपनों पर भी भारी चोट है। मालकसर के रामप्रताप बेनीवाल और राजेंद्र सारण ने बताया कि महीनों की मेहनत एक झटके में खत्म हो गई। ढाणी राईकान के जगदीश कालेरा और चेतराम नायक ने कहा कि वे लंबे समय से फसल पकने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन एक आंधी ने सब कुछ उजाड़ दिया। मुखराम जाखड़ और भागीरथ राईका ने बताया कि इस बार फसल बेचकर बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने की योजना थी, लेकिन अब हालात बेहद कठिन हो गए हैं। वहीं हरिकृष्ण शर्मा, जगदीश कालेरा और दीपचंद जाखड़ का कहना है कि वे फसल के पैसों से पक्का मकान बनाना चाहते थे, जो सपना अब अधूरा रह गया। मोहन नांगू और गिरधारी जाखड़ जैसे किसान खेतों में बिखरे अनाज को समेटने की चिंता में डूबे हैं।*

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।